हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 171, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 7 दिसम्बर, 2021 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## कुछ दिन बाबा विश्वनाथ के दरबार से चलेगी योगी सरकार !

### 13 दिसंबर को बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन करने वाले हैं प्रधानमंत्री मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी में करीब हफ्तेभर का प्रवास करेंगे

प्रखर वाराणसी। 13 को पीएम मोदी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करेंगे। समारोह को भव्य व बड़ा बनाने के लिए तैयारियां जोरो पर की जा रही हैं। बतादे कि 16 दिसंबर को योगी सरकार की कैबिनेट की बैठक होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बैठक काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में ही कराने की तैयारी चल रही है। अगर ऐसा होता है तो देश में पहली बार किसी सरकार की कैबिनट की बैठक किसी मंदिर में होगी। इसके अलावा सबसे बड़ी तैयारी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन के साथ ही योगी कैबिनेट की मीटिंग को लेकर हो रही है। 14 दिसंबर को भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसमें भाजपा शासित मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन, देश के सभी महापौरों की सम्मेलन के अलावा हर दिन अलग-अलग आयोजन की तैयारी है। काशी चलो अभियान के तहत पूरे देश से काशी के लिए ट्रेनें चलाई जाएंगी। 16 दिसंबर को होने वाली योगी कैबिनेट की बैठक में दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और डॉ दिनेश शर्मा के साथ ही अन्य मंत्री और अधिकारी मौजूद रहेंगे। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर को लेकर हो रहे आयोजनों को आगामी





विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी का बड़ा दांव माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के लोकार्पण को खास बनाने के लिए योगी सरकार और बीजेपी संगठन ने विशेष योजना बनाई है। कार्यक्रम को बीजेपी जन जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम बना रही है। इसी के तरह चुनाव से पहले पूर्वांचल को साधने के लिए योगी सरकार काशी विश्वनाथ धाम में कैबिनेट बैठक कर बड़ा सन्देश देना चाहती है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी में करीब हफ्तेभर का प्रवास करने जा रहे हैं। सर्किट हाउस मुख्यमंत्री का कैम्प कार्यालय बनेगा। अधिकारियों के मुताबिक वह 8 से 14 दिसम्बर तक काशी से सरकार चलायेंगे। इस दौरान पीएम के आगमन, विश्वनाथ धाम के लोकार्पण और महीनेभर तक प्रस्तावित काशी विश्वनाथ यात्रा की तैयारियों की निगरानी करेंगे। उनका गोरखपुर और आसपास के जिलों का दौरा भी बनारस से ही होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी प्रवास के दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों व अधिकारियों के साथ कार्य निबटाएंगे। इसके साथ ही 16 दिसम्बर को काशी में होने वाली कैबिनेट बैठक की तैयारियों को भी अंतिम रूप देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 दिसंबर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करने के 14 दिसम्बर को भाजपा के मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में 12 राज्यों के मुख्यमंत्री व दो राज्यों के तीन डिप्टी सीएम भाग लेंगे। यह सम्मेलन पांच सत्रों में होगा। उसमें वे अपने राज्यों में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रेजेंटेशन देंगे। भाजपा पदाधिकारियों के मुताबिक शासन स्तर पर सभी मुख्यमंत्रियों को आमंत्रण भेजा जा चुका है। 13 दिसम्बर की शाम सभी आमंत्रित मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम काशी पहुंच जायेंगे। प्रधानमंत्री सुबह का नाश्ता और लंच मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे। सभी मुख्यमंत्री अपने-अपने राज्यों में विगत साढ़े सात वर्षों में केंद्र सरकार की योजनाओं की सफलता की कहानी बताएंगे। वे राज्यस्तर पर लागू योजनाओं का भी ब्योरा देंगे। इसके साथ ही कोविड काल के दौरान राज्य सरकार के प्रयासों और टीकाकरण अभियान की प्रगति बताएंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक सभी मुख्यमंत्रियों को करीब 20 बिंदुओं पर प्रजेंटेशन देना है। सम्मेलन में यह भी बताना है कि राज्य सरकार अपने यहां किन बड़े स्थानीय मुद्दों पर काम कर रही है। भाजपा शासित राज्यों में एक-दूसरे की विशिष्ट योजनाओं को लागू करने पर भी विचार होगा।

## भारत और रूस के बीच 'AK-203 राइफल' सौदे पर लगी मुहर, दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज यानी 6 दिसंबर को भारत के दौरे पर आ रहे हैं। पुतिन के पहुंचने से पहले पहले रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु भी भारत पहुंच चुके हैं। दोनों मंत्रियों ने अपने समकक्ष डॉ. एस जयशंकर और राजनाथ सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद अब बैठकों का दौर शुरू हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने नई दिल्ली में आज एक बैठक की।



इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और रूस के बीच हुए समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारत-रूस राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 6,01,427 7.63x39 मिमी असॉल्ट राइफल AK-203 की खरीद के लिए अनुबंध, 2021-2031 से सैन्य-तकनीकी सहयोग के लिए कार्यक्रम जैसे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उभरती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में आज वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन एक बार फिर हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी के महत्वपूर्ण महत्व की पुष्टि करता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा सहयोग हमारी साझेदारी के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है। मुझे उम्मीद है कि भारत-रूस साझेदारी पूरे क्षेत्र में शांति लाएगी और क्षेत्र को स्थिरता प्रदान करेगी। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि भारत और रूस के संबंध बहुपक्षवाद, वैश्विक शांति, समृद्धि, आपसी समझ और विश्वास में एक सामान्य हित के आधार पर आधारित हैं। भारत ने रूस के समक्ष उत्तरी सीमा पर असाधारण सैन्यीकरण और बिना उकसावे वाली आक्रमकता को देश के लिए प्रमुख चुनौती बताया।

2+2 वार्ता के दौरान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत अपनी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और अपने लोगों की निहित क्षमताओं के कारण चुनौतियों से निकलने को लेकर आश्वस्त है। रक्षा मंत्री ने कहा कि महामारी के अलावा हमारे पड़ोस में असाधारण सैन्यीकरण, आयुधों का विस्तार और 2020 के जून यानी गर्मी के मौसम से हमारी उत्तरी सीमा पर बिना उकसावे की आक्रामकता से कई चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं।

**सैन्य और तकनीकी क्षेत्र में भारत-रूस का सहयोग महत्वपूर्णः शोइगु-** बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि हमारे देशों के संबंध के लिए इस समय सैन्य और तकनीकी क्षेत्र में भारत-रूस का सहयोग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। आज अंतर सरकारी आयोग की बैठक में रक्षा क्षेत्र सहयोग के बारे में रक्षा मंत्री के साथ हमारी विस्तृत चर्चा हुई। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज नई दिल्ली में एक बैठक की। बैठक के दौरान डॉ. एस जयशंकर ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ये हमारी चौथी बैठक है। ये भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी का प्रतीक है।

## महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों को एक साल के लिए निलंबित किए जाने के मामले सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के 12 भाजपा विधायकों को एक साल के लिए विधान सभा से निलंबित किए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। मालूम हो कि



इनको पीठासीन अधिकारी से कथित बदसलूकी के आरोप में विधान सभा से निलंबित कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमणा, जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई। अधिवक्ता सिद्धार्थ धर्माधिकारी ने दलील दी कि विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने वाला है जिसे देखते हुए विधायकों के निलंबन के खिलाफ दाखिल याचिका पर तुरंत सुनवाई की दरकार है। महाराष्ट्र सरकार 22 से 28 दिसंबर के बीच विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुला रही है। निलंबित भाजपा विधायकों ने निलंबन संबंधी विधानसभा के प्रस्ताव को 22 जुलाई को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी थी। विधायकों की ओर से पेश वकील की दलील पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हम सुनवाई के लिए तैयार है। हम तारीख दे रहे हैं। राज्य सरकार का आरोप है कि पांच जुलाई को विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में पीठासीन अधिकारी भास्कर जाधव के साथ उक्त 12 विधायकों ने कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जिसके बाद इन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव सदन की ओर से पारित किया था। निलंबित विधायकों में गिरीश महाजन, संजय कुटे, अतुल भातखलकर, आशीष शेलार, अभिमन्यु पवार, राम सतपुते, पराग अलवानी, जय कुमार रावत, नारायण कुचे, हरीश पिंपले, योगेश सागर और बंटी भांगड़िया शामिल हैं। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री अनिल परब ने विधायकों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया था जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था। विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा था कि भास्कर जाधव के आरोप एकतरफा थे।

## ओमिक्रॉन से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी करने के निर्देश, सभी जिलों में मिलेंगी सुविधाएं

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोविड के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से निपटने के लिए हर स्तर पर तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं। टीकाकरण के साथ ही सामान्य बेड और आईसीयू को तैयार रखने, दवाओं के इंतजाम पर भी जोर दिया गया है। नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को डेल्टा प्लस की अपेक्षा कम खतरनाक बताया जा रहा है। फिर भी राज्यस्तरीय स्वास्थ्य परामर्शदाता समिति ने इस नए वैरिएंट से निपटने की पुख्ता रणनीति तैयार की है। समिति की रिपोर्ट के आधार पर सभी जिलों में तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत टीकाकरण की गति बढ़ाने, स्वच्छता अभियान निरंतर चलाने, फोकस सैंपलिंग, सर्विलांस आदि गतिविधियां निरंतर चलती रहेंगी। सभी मेडिकल कॉलेज में 100 बेड वाले पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट (पीआईसीयू) एवं न्यूनेटल इंटेसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) के बेडों की जांच कर उन्हें तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को ऑक्सीजन, लैब, जांच किट के बारे में भी लगातार समीक्षा करने को कहा गया है।

**जांच का दायरा बढ़ाएं-** प्रदेश की 3011 पीएचसी और



855 सीएचसी पर सुविधाएं दुरुस्त रखने, 73000 निगरानी समितियों को सक्रिय रहने और जांच का दायरा निरंतर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अभी हो रही डेढ़ लाख कोविड जांच को बढ़ाकर ढाई लाख करने और पॉजिटिव केस में जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए सैंपल रखने के भी निर्देश हैं।

## दर्दनाकः पाक में मारे गए श्रीलंकाई मैनेजर की पत्नी को उसके अवशेषों का इंतजार, कहा- अंतिम श्रद्धांजलि देना चाहती हूं

कोलंबो। पाकिस्तान में ईशनिंदा के आरोप में एक श्रीलंकाई कंपनी मैनेजर की हत्या पर जहां बवाल मचा हुआ है वहीं मृतक की पत्नी और परिवार को उसके अवशेषों का इंतजार है। इसके अलावा पत्नी ने दोनों देशों की सरकारों से न्याय की गुहार लगाई है। पत्नी का कहना है कि उसका पति एक सीधा-साधा व्यक्ति था। उसे गलत आरोप में मारा गया और मौत के घाट उतार दिया गया। दरअसल, बीते शुक्रवार को लाहौर से 100 किलोमीटर दूर सियालकोट में एक श्रीलंकाई नागरिक प्रियंथा दियावदाना की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इसके बाद उसके शव को जला दिया गया था। मृतक पर ईशनिंदा का आरोप लगाया था। खबरों के मुताबिक, व्यक्ति एक कपड़ा फैक्ट्री में जनरल मैनेजर के रूप में कार्य करता था। भीड़ ने फैक्ट्री पर हमला बोला और श्रीलंका के नागरिक को बाहर खींच कर मार डाला। अधिकारियों



का कहना था कि व्यक्ति ने कथित तौर पर कट्टरपंथी संगठन टीएलपी के एक पोस्टर को फाड़ दिया था। इस पोस्टर पर कुरान की आयतें लिखी हुई थीं, मामला सामने आते ही टीएलपी समर्थकों ने व्यक्ति को घेर लिया और पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस मामले में 800 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं 118 लोग गिरफ्तार किए हैं, जिसमें 13 मुख्य आरोपी हैं। घटना के बाद श्रीलंका के प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने घटना की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि हम उम्मीद करते हैं कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री दोषियों को सजा दिलाने के अपने वादे पर खरा उतरेंगे और पाकिस्तान में मौजूद श्रीलंकाई नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। घटना के बाद इमरान खान का भी ट्वीट सामने आया था, उन्होंने इस घटना को पाकिस्तान के लिए शर्म का दिन बताया था।

## सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संसदीय क्षेत्र लालगंज बाजार में 122.43 करोड की 37 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़ (दीपक पाण्डेय)। मुख्य अथिति सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संसदीय क्षेत्र लालगंज के मई खरगपुर जनता सहयोग इंटर कॉलेज गोसाई की बाजार में 122.43 करोड की 37 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास किया गया एवम लाभार्थी परक योजनाओ के प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बसुंधरा ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वन एवं पर्यावरण मंत्री दारा सिंह चौहान रहे। मुख्यमंत्री के पहुंचते ही जय घोष के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई सबसे पहले संचालक महोदय आये हुवे मंचासीन अतिथियों का अभिनंदन किया। सबसे पहले पवई की विधायक अरुण कुमार यादव को बुलाया गया जिन्होंने बताया कि मैं बसपा में भी रहा सपा में भी रहा मैंने अपनी राजनीति की शुरूआत बसपा से ही किया लेकिन बसपा के खिलाफ बोला कि हमें हर काम के लिए मायावती को पैसा देना पड़ता था वहीं सपा पर उन्होंने कहा कि इसमें केवल चापलूसी करने वालों को ही स्थान मिलता है जो कि मैं कर नहीं सकता इसके पश्चात मैंने भारतीय जनता पार्टी को ज्वाइन किया। मेरे




पिता द्वारा माननीय मुख्यमंत्री योगी जी महाराज को तथा भाजपा सरकार पर कई बार तंज कसा जाता है इसके बावजूद मेरे साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं है उन्होंने आदरणीय योगी आदित्यनाथ की काफी प्रशंसा की वहीं प्रधानमंत्री जी की भी प्रशंसा किया और उन्होंने कहा कि चाहे किसी भी परिस्थिति में रहूं बाबाजी का साथ कभी नहीं छोड़ूंगा आजीवन बीजेपी में रहने के लिए संकल्प लिया इसके पश्चात वन मंत्री दारा सिंह चौहान ने बीजेपी के पक्ष में विस्तार पूर्वक चर्चा किया उन्होंने बताया कि आज सूबे को 24 घंटे में से 20 घंटा काम करने वाला मुख्यमंत्री मिला यह न थकने वाला ना रुकने वाला और ना ही गुंडों के सामने झुकने वाला,हम चप्पे चप्पे से परिचित है सबको जनता हु पहचानता हु। सबसे ज्यादा पौधे लगाने का रिकॉर्ड इसी सरकार का है और जमकर के सरकारी योजनाओं का बखान किया और सरकार की विभिन्न योजनाएं और उपलब्धियों को गिनाया सबका विकास सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास इसके पश्चात इसके पश्चात क्रम में पहुंचे लोगों को लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया जिसमें आसमान के लिए शकुंतला सिंह विमला देवी संदीप प्रजापति सीमा सिंह महिला कल्याण सुकन्या योजना के तहत शिखा सिंह सृष्टि गुप्ता इसी कार्यक्रम में अन्य योजनाओं में आनंद कुमार मोहम्मद इमरान अंसारी विनीता वर्मा इसके पश्चात जिला विकास अभियंत्रण के तहत श्रीमती द्रोपती श्रीमती कमला देवी श्रीमती अनीता देवी चाबी दिया गया जिसमें रेखा देवी श्रीमती मंजू देवी को चेक दिया गया श्रीमती सीमा सुनीता भारद्वाज रुकैया और विभिन्न योजनाओं से लाभ लाभान्वित होने वाले लोगों को प्रमाण पत्र देकर के बधाई दिया इसके पश्चात सूबे के मुख्यमंत्री को अपनी बात को कहने के लिए मंच पर बुलाया गया तो आते ही उन्होंने भारत माता की जय का जयघोष किया उसके पश्चात वंदे मातरम का जयघोष किया और कार्यक्रम में पहुंचे हुए प्रमुख रूप से दारा सिंह चौहान अरुण कांत यादव विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह पूर्व मंत्री डॉक्टर कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा जितेंद्र राय नीलम सोनकर कन्हैयालाल निषाद आदि का नाम लिया और 67 वे परिनिर्माण दिवस पर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी बाबा साहब जिस तरह का सपनों का भारत का निर्माण करना चाहते थे इसके पूर्व की सरकार ने ऐसा कोई काम नहीं किया जो भी काम किया 20 14 के पश्चात प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी की काफी तारीफ किया और योजनाओं को बताया सपा बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा की वही पार्टियां हैं जो मऊ में दंगे करवाती थी आजमगढ़ को बदनाम करती थी सार्वजनिक स्थानों को कब्जा करती थी देश में कहीं जाते थे तो आजमगढ़ के लोगों को अस्थान ही नहीं मिलता था आजमगढ़ को आतंकवाद का नाम दिलवा दिया था हमने आज आजमगढ़ को आतंकवाद से मुक्त बनाने का कार्य किया अब आजमगढ़ में विश्वविद्यालय बन रहा है वह भी महाराजा सुहेलदेव के नाम से रहेगा।यहां से निकलने वाला हर नौजवान जो देश के कोने कोने में आतंकवाद के नाम से जाना जाता था वह अपने कलंक को धो रहा है। आजमगढ़ जो अब आने वाले समय आर्यमगढ़ के नाम से जाना जाएगा। सपा में आजम खां की गुंडई से सभी लोग वाकिफ हैं लखनऊ ढाई घंटे का सफर होगा। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे इसका सीधा प्रमाण है यहां के लोगों को विभिन्न देशों में जाने के लिए अब कहीं और अन्य जनपदों में एयरपोर्ट के लिए नहीं जाना पड़ेगा उन्हें अपने एयरपोर्ट आजमगढ़ से ही देश के विभिन्न देशों में। इसके पश्चात सपा बसपा कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा यह अपने परिवार को ही अपनी पार्टी मानते हैं जबकि मेरा परिवार 25 करोड़ की जनता है जो प्रदेश की जनता है वह पूरा परिवार है यही हालत पूरे देश के लोगों की संख्या ही प्रधानमंत्री मोदी का परिवार है उन्होंने यह भी कहा कि जब देश कोरोना जैसी भयानक महामारी से गुजर रहा था उस वक्त आपको देखने के लिए बुआ बबुआ भाई-बहन सब कोरन्टाइन हो गए थे यहा केवल बीजेपी थी जो घर-घर घूम घूम कर के लोगों की समस्या से निजात दिलाती थी आजमगढ़ में बीजेपी की देन विश्वविद्यालय पूर्वांचल एक्सप्रेसवे एयरपोर्ट और फ्री का राशन इस बात को महिलाओ से पूछा गया तो महिलाओं ने हाथ खड़ा करके अपना मत दिया उन्होंने बताया कि आने वाले समय में हर यूनिट पर 5 किलो का खाद्यान्न दिया जाएगा और बड़ी जोर देकर कहा कि सपा में नेता नहीं गुंडे हैं।

**कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर शुरू किया गया-** कार्यक्रम में आगंतुकों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए जिसमे धोबिया नृत्य कार्यक्रम में लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषि कांत राय उर्फ पप्पू राय ने पूरे कार्यक्रम में अपनी नजर रखे हुए थे कार्यक्रम में के मंच पर उपस्थित दारा सिंह चौहान , अरुण कुमार यादव विधायक, विजय कुमार पाठक सदस्य विधान परिषद, ऋषि कांत राय जिलाध्यक्ष भाजपा लालगंज संसदीय क्षेत्र ,नरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष पूर्वांचल विकास परिषद, नीलम सोनकर पूर्व सांसद व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, पूर्व मंत्री एवं दीदारगंज विधानसभा के प्रत्याशी डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा, कन्हैयालाल निषाद,विनोद राय, सहजानंद राय क्षेत्रिय महामंत्री समेत हजारो लोग मौजूद रहे।

## ओमिक्रॉनः दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़ से निपटने के लिए लागू होगी विशेष नीति

नई दिल्ली। देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे से बचने के लिए प्रयास जारी कर दिए गए हैं। इस बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़ के कुप्रबंधन से बचने के लिए विशेष तरीका अपनाया जाएगा। इसको लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है। गौरतलब है कि दिल्ली एयरपोर्ट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही हैं, जिसमें भीड़ का कुप्रबंधन दिखाई दे रहा है। ऐसे मे कोविड का नया वैरिएंट के संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री सिंधिया की ओर से बुलाई गई इस बैठक में दिल्ली एयरपोर्ट, एएआई, कोविड-19 टेस्ट लैब कंपनी के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, दिल्ली में कई लोग बाहर से आते हैं। ऐसे में यहां पर जांच बढ़ाने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष योजना बनाई जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार के खतरे से बचा जा सके।

## चिंतन मनन

# भारत में न्याय व्यवस्था ताकतवरों के हाथ

भारत में न्यायिक व्यवस्था चरमरा गई है । वर्तमान न्याय-व्यवस्था का लाभ अमीरों को मिल रहा है। गरीबों एवं मध्यवगीर्यों के लिए न्याय व्यवस्था जीते जी सजा के समान है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि 50 फीसदी से अधिक मामलों में सरकार भी पार्टी है । देश के विभिन्न न्यायालयों जिसमें सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट, जिला न्यायालयों में लगभग 4 करोड़ 60 लाख मामले सुनवाई के लिए लंबित हैं। लाखों ऐसे मामले लंबित हैं, जिनमें तीसरी पीढ़ी का मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न न्यायालयों में 5191 न्यायाधीशों के पद खाली पड़े है। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट में 403 न्यायाधीशों के पद वर्षो से रिक्त् पड़े है। न्याय व्यवस्था की बदहाली और कमजोरी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सप्रीम कोट् का काले जियम सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति भी नहीं करा पा रहा है। पिछले 3 दशकों में सरकारों द्वारा जिस तरह के नियम एवं कानून बनाने जा रहे है, उससे मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ रही है। न्यायपालिका में मध्यम एवं गरीब वर्गो को न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण वह गुंडागर्दी के शिकार हो रहे हैं । न्याय पाने के लिए वह गुंडों एवं राजनेताओं के चक्कर लगाते हैं। भारतीय कानून को निर्बलों के लिए न्याय नहीं अन्याय के रुप में आम जनता भोगने विवश है। वहीं बड़े-बड़े उद्योगपतियों एवं राजनेताओं द्वारा दायर प्रकरणों में त्वरित सुनवाई होती है। उन्हें सुविधानुसार न्याय मिल जाता है। बड़े-बड़े वकील सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट में सक्षम वर्ग को लाभ दिलाने के लिए पूरी ताकत लगा देते है । समरथ को नहीं दोष गुसाई की तर्ज पर भारतीय न्याय व्यवस्था आर्थिक एवं राजनैतिक आय से समृद्ध लोगों के लिये है। आर्थिक एवं राजनैतिक आय से शक्तिशाली वर्ग अपने फायदे के लिए गरीब एवं मध्यवर्गीय परिवारों को झूठे मुकदमों एवं कानून की आड़ में उनकी सम्पतियों को छीनने का काम कर रहे है। भारतीय न्याय व्यवस्था को लेकर आम आदमी का विश्वास खत्म होता जा रहा है। वहीं हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट भी यह कहने लगी है कि सरकारें और उनके अधिकारी कोर्ट से आदेशों का कियान्वयन नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वह संविधान प्रदत्त नागरिकों के भूल अधिकारों को बनाए रखने के लिए अधिकारों का प्रयोग करें।

## मन का क्रिय

एक प्रोफेसर अपने कमरे में बैठे थे। उनके पास एक व्यक्ति आकर बोला, 'धन्यवाद, आप जैसा परिश्रमी और योग्य प्रोफेसर मैंने नहीं देखा। आपके परिश्रम से ही मेरा लड़का उत्तीर्ण हो सका है। सौ-सौ साधुवाद!' इतने में दूसरा व्यक्ति आकर बोला, 'आप जैसा परिश्रम से जी चुराने वाला प्रोफेसर मैंने कहीं नहीं देखा। आपके कारण ही मेरा लड़का अनुत्तीर्ण हुआ।' पहले व्यक्ति की बात सुनकर प्रोफेसर प्रसन्नता से झूम उठा और दूसरे व्यक्ति की बात सुनकर वह विषण्ण हो गया। यह सारा खेल मन का है। एक घटना मन के अनुकूल थी तो प्रसन्नता का प्रवाह चल पड़ा। वहीं दूसरी घटना मन के प्रतिकूल थी तो विषण्णता का वातावरण बन गया। जब भोजन अच्छा बनता है तो पत्नी को उसके लिए सौ-सौ साधुवाद दिया जाता है। जब कभी भोजन स्वादिष्ट नहीं बनता या नहीं लगता तब परोसी हुई थाली को ठोकर भी मार दी जाती है। यह सारा मन का कार्य ही होता है। भोजन सिर्फ भोजन होता है। पदार्थ सिर्फ पदार्थ होता है। उसमें स्वादिष्ट या अस्वादिष्ट का आरोपण हम स्वयं करते हैं, हमारा मन करता है।

## बढ़ रही है मांग !



दुनिया में हथियारों की ।
बढ़ रही है मांग ।।
जाहिर है आतंक भी ।
रचा रहा है स्वांग ।।
उग रही है फसल ।
हथियारों की आज ।।
अब पहले बारूद ।
बाद में अनाज ।।
कम हो गयी भूख ।
बढ़ गयी है जंग ।।
दुनिया में अजब ही ।
चल रही तरंग ।।
बदल गयी है दुनिया ।
छाया नया रंग ।।
है बहुत कुछ बाकी ।
आना अभी प्रसंग ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# गालों पर "पचास चांटे" खाओ और हसीन बन जाओ

पूरे संसार की महिलाएं बेवजह अपनी खूबसूरती बढ़ाने के लिए ब्यूटी पार्लर जाकर हजारों रुपए खर्च करती हैं वे हसीन दिखें इसके लिए तमाम तरह की कोशिश भी करती हैं "फेशियल" या चेहरे की "मसाज" तो आजकल आम बात हो गई है,शादी ब्याह में जाना हो तो जिसकी शादी होने वाली है उसके पहले वधु की अम्मा, चाचियां, बहनें, सहेलियां ब्यूटी पार्लर पंहुच जाती हैं घंटो तक उनका मेकअप चलता है ये बात अलग है कि वे उसके बाद भी वैसी की वैसी ही दिखाई देती हैं हाँ उनके मन में संतोष जरूर हो जाता है कि वे हसीन दिखाई दे रही हैं ' ब्यूटी पार्लर वालों के पास भी मेकअप करने के लिए सामान की कमी नहीं रहती हर मेकअप में मॉस्चराइजर फाउंडेशन, क्लींजर, प्राइमर कंसीलर,आई शेडो, काजल, मस्करा, सिन्दूर, आई लाइनर, फेस पाउडर, आइब्रो पेन्सिल,आई लैशेस, लिपस्टिक, नेल पेंट, ब्लश, कम्पेक्ट पॉउडर, बिंदी, आलता, फेस क्रीम, मेंहदी, कुमकुम जैसे चीजे जरूरी होती है और उन सबके बदले मोटी रकम वसूली जाती है महिलाओं से ' लेकिन अब नई थेरेपी आ गई है पंजी का खर्चा नहीं और चेहरा ऐसा हसीन हो जाएगा की लोग देखते ही रह जाएंगे और वो थेरेपी है "स्लेप थरेपी" यानि गालों पर चांटे पर चांटे खाओ और हसीन बन जाओ ' दक्षिण कोरिया में ये थेरेपी बेहद लोकप्रिय है उसके चलते वहां के ब्यूटी पार्लर वाले भूखे मरने की कगार पर आ गये हैं बस करना इतना सा है कि जो महिला या पुरुष अपने आप को हसीन दिखाना चाहते हैं वो थप्पड़ खाने के लिए तैयार हो जाए' उनके दोनों गालों पर लपोड़े और लपोड़े मारे जाते हैं और उनका चेहरा चाँद सा खूबसूरत हो जाता है , बताया जाता है कि लगातार पचास चांटे खाने के बाद चेहरे पर निखार आ जाता हैं ' दक्षिण कोरिया की महिलाएं ये प्रयोग कई बरसो से कर रही है और फ्री फोकट में अपनी चेहरे की खूबसूरती बढ़ा रही है ये खबर जब अपन ने पढ़ी होता है, लगता है उनके चरणों में जाकर लोट जाएँ कि मासाब माफ कर दो हमें आज जितनी भी रौनक हमारे चेहरे पर दिख रही है वो आपके चांटों की ही देन है, न आप चांटें मारते और न हम इतने हसीन हो पाते ' पता चला है कि जब से ये खबर सामने आई है ब्यूटी पार्लर वालों लिए जी तोड़ कोशिश करेगा पैसे भी बचेंगे और बीबी सुन्दर भी दिखाई देने लगेगी , सुबह आफिस जाने के पहले और शाम को आफिस से आने के बाद करना क्या है, बीबी के गालों पर चांटे ही तो मारना है और ये काम तो हर पति बड़ी राजी खुशी से करने तैयार हो जाएगा है कोई शक '



तब अपने को समझ में आया कि प्रायमरी स्कूल में मासाब लोग गालों पर चांटे क्यों मारा करते थे वे अपने तमाम विद्यार्थियों को असल में खूबसूरत बनाना चाहते थे , घर में बाप भी गालों पर चांटे इसलिए मारते थे ताकि उनका बच्चा खूबसरत हो जाए, उन दिनों अपन मासाब लोगो को जी भर भर कर गाली देते थे कि बहुत जम कर चांटा मारते थे लेकिन अब पश्चाताप को अपना धंधा संकट में दिखाए पड़ने लगा है कुछ ब्यूटी पार्लर वाले तो अब चांटा मारने की ट्रेनिंग लेने दक्षिण कोरिया निकल गए हैं वैसे जब से ये राज जाहिर हुआ हैं वे पति बेहद खुश हैं जिनकी बीबियाँ आये दिन ब्यूटी पार्लर जाकर हजारों रुपए का चूना उन्हें लगाती थीं ' अपने को लगता है की अब हर पति अपनी पत्नी पर यही थेरेपी आजमाने के

अब उमर मिली है तो वे क्या करें

कहते हैं जीना मरना ऊपर वाले के हाथ में होता है, जिसको जाना है वो भरी जवानी में ऊपर वाले के दरबार में अपनी हाजरी दे देता है और जिसको ऊपर वाला अपने पास नहीं बुलाना नहीं चाहता वो यंही धरती पर घिसटता रहता है देश में इस बात की बड़ी चिंता है कि देश में बुजुर्गों की संख्या लगतार बढती जा रही है अभी तक तो भारत को युवाओ का देश माना जाता था लेकिन जिस गति से "डुकरा डुकरिया" अपनी संख्या बढ़ा रहे है उसके हिसाब से पूरे देश में तेरह करोड़ बुढ्ढे बुढ़िया हो गए है जिनकी उम्र साठ बरस से ऊपर है, जो रिपोर्ट सामने आ रही है उसके देखते हुए अगले दस साल में इन बुजुर्गों की संख्या उन्नीस करोड़ तक पंहुच जाएगी, विशेषज्ञों का कहना है कि इससे देश की अर्थ व्यवथा पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तो भैया ये बुढ्ढे बुढ़िया करें तो क्या करें यदि ऊपर वाले ने लम्बी उम्र देकर दुनिया में भेजा है तो जीना तो पडेगा न,अपने हाथ में तो है नहीं कि बटन दबाया और ऊपर वाले के पास पंहुच गए ' एक पुराना गाना भी तो है "दुनिया में हम आये है तो जीना ही पड़ेगा जीवन है अगर जहर तो पीना ही पडेगा"यानि जब तक जिंदगी है तब तक तो सारे कष्ट भोगना ही पड़ेंगे, लगता है सरकार ने इसलिये ही पेंशन दी बंद कर दी है क्योकि जितने साल लोग बागों ने नौकरी नहीं ही उससे ज्यादा साल से वे पेन्शन ले रहे हैं लेकिन इसमें उनका दोष तो है नही पुराने जमाने में शुद्ध खाना मिलता था, प्रदूषण रहित आबोहवा थी मेहनत करते थे लोग मीलों पैदल चलते थे सायकल चलाते थे, पिज्जा, बर्गर कोई जानता नहीं था,खालिस दूध दही मिला करता था तो वो ताकत अंदर है इसलिए लंबी उमर पाकर जी रहे हैं अब आपकी अर्थ व्यवस्था पर विपरीत असर पड़े या न पड़े "बुढ्ढे बुढ़िया" तो जिंदा रहेंगे उनका कोई सरकार बाल बांका नहीं कर सकती, इसलिए हे बुजुर्गो आप लोग तो ठस्से के साथ जियो अर्थ व्यवस्था का क्या है वो तो किसी भी कारण से बैठ जाती है थोड़ी बहुत और बैठ जाएगी आप तो मस्त रहो और सौ बरस जियो '

सुपर हिट ऑफ द वीक

"सुना हैं कोरोना की नई लहर आ गयी है आप क्या सोचते हैं" किसी ने श्रीमान जी से पूछा

"इसका कारण मुझे तो एक ही नजर आता है जरूर किसी महिला ने कहा होगा इसी पैटर्न में दूसरा कुछ दिखाइए न" श्रीमान जी ने समझाया।

# आजादी के महासमर से उभरा एक शिल्पकार और महानायक– बाबा साहेब भीमराव रामजी अंबेडकर



आज भारत को आजाद हुए लगभग 75 वर्ष हो चुके हैं इन वर्षों में भारत में राजनीतिक परिपेक्ष में कई फेरबदल उतार-चढ़ाव नियामक सक्रियता और असक्रियता रही।

बारीकियों से इन तथ्यों पर विचार किया जाए तो 1757 के बाद 1773 में आई रेगुलेटिंग एक्ट ने भारत की नियामक प्रणालियों को पूर्ण तरीके से बदल कर रख दिया, बंगाल का गवर्नर जनरल अब तीनों प्रेसिडेंसी का अधिकार प्राप्त कर चुका था।


ठीक वैसे ही जैसे एक विस्तार वादी सोच विचारों में बैठकर किसी देश को चालती हैं। धीरे-धीरे अंग्रेज 1857 के युद्ध को पार करते हुए अपनी पकड़ सीधे महारानी के हाथ में देकर यह सिद्ध कर दिया की विस्तार के लिए सबसे पहले एक सोच उसके साथ साथ अनुपालन की भी सख्त आवश्यकता होती है।

1947 में आजाद हुआ भारत जो 565 छोटी छोटी रियासतों में बड़ा हुआ था, लॉर्ड माउंटबेटन के दरबार में पेश हुआ, फैसला किया गया कि इन रियासतों को "ट्रीटी आफ एनेक्सेशन" के तहत एक करके भारत में संघ की स्थापना की जाए। स्वाधीनता सेनानियों का सपना आखिरकार पूर्ण हुआ भारत स्वतंत्र हुआ लेकिन किसी राष्ट्र को चलाने के लिए सबसे पहले किसी नियम कानून की आवश्यकता पड़ती है और यह उतना ही जरूरी और आवश्यक है जैसे किसी शरीर को हवा और पानी की जरूरत है।

स्वाधीनता सेनानियों में से एक थे "बाबा साहब डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर" जिनको कॉन्स्टिट्यूशन मेकर या संविधान निर्माण की ड्राफ्टिंग कमिटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

एक दलित परिवार में जन्मे अंबेडकर ने समाज में छुआछूत के दंश को झेलकर कर अपनी इच्छा शक्ति से आगे बढ़ते हुए पढ़ाई की और वह मुकाम हासिल किया जहां पर 1947 में वह आजादी के स्वाधीनता सेनानियों के समकक्ष खड़े थे।

दलितों और वंचितों में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले बाबा साहब ने गांधी इरविन समझौता और गोलमेज सम्मेलन में गांधी जी के साथ प्रमुख भूमिका निभाई।




यह वही अंबेडकर थे जिन्होंने जिन्ना के "डुअल स्टेट पॉलिसी" और अंग्रेजों की "धार्मिक कूटनीति" का जवाब देते हुए कहा था कि "हम सबसे पहले और अंत में भारतीय हैं"

आज उस महानायक का परिनिर्वाण दिवस है और भारत उस राष्ट्र के सपूत को सलाम करता है।

उनकी सच्ची सलामी की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब समाज में समान रूप से अधिकार बटे होंगे, जो उन्होंने संविधान निर्माण के समय फंडामेंटल राइट्स को संविधान की आत्मा कहा था।

संविधान को मूल रूप देने में बाबा साहब अंबेडकर की प्रमुख भूमिका रही खास तौर पर "राज्य के नीति निदेशक तत्व" जो गांधी जी के विचारों और आदर्शों पर निहित है को उन्होंने संविधान मे रखने का प्रस्ताव किया और यहां तक की उसे एक संवैधानिक रूप दिया, जिससे समाज के हर वर्ग को न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका पर पूर्ण विश्वास हो सके।

संविधान में प्रियम्बल को स्थापित करके "हम भारत के लोग" का विचार देना एक भारत के राज्य संघ के लिए कितना महत्वपूर्ण है। यह सोच दशार्ती है कि बाबा साहब भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कितना सशक्त थे। उन्होंने भारतीय संविधान के जरिए एक आत्मनिर्भर एवं आधुनिक भारत की नींव रखी। उन्होंने आर्थिक रूप से संपन्न एवं शिक्षित भारत का सपना देखा था। वह समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार देने के पक्षधर रहे।शिक्षा को वह सामाजिक परिवर्तन के एक बड़े एवं प्रभावी 'हथियार' के रूप में देखते थे। वह कहते थे कि सामाजिक गुलामी से अगर व्यक्ति को मुक्त होना है तो उसे शिक्षित होना होगा। समाज के वंचित एवं हाशिये के लोगों में शिक्षा से ही जागृति पैदा होगी। शिक्षा से ही समाजिक हैसियत, आर्थिक संपन्नता एवं राजनीतिक आजादी पाई जा सकती है। दलित समाज को जागृत करने के लिए उन्होंने काफी प्रयास किया राजनीतिक दल भी बनाए उनको संगठित भी किया और शिक्षा की तरफ प्रेरित भी किया आज इस सदी के महानायक को हर भारतवासी सलाम करता है और अपेक्षा करता है कि अंबेडकर के विचारों पर भारत अग्रसर हो संगठित हो सुसज्जित हो एवं प्रगतिशील बने।

**आलोक प्रताप सिंह**
**विकास अधिकारी**
**एकीकृत सहकारी विकास परियोजना**
**जनपद अंबेडकर नगर।**

# मंदिरों का अधिग्रहण : सरकारी लूट का तंत्र विषय पर ऑनलाइन विशेष संवाद!

**बिहार में मंदिरों से कर वसूलने वाला कानून स्वीकृत नहीं होने देंगे ! – अधिवक्ता राकेश मिश्र**

बिहार में सरकार को मंदिरों की भूमि दिखाई देती है; परंतु चर्च और मस्जिदों की भूमि दिखाई नहीं देती । बिहार में एक भी पुजारी को शासकीय वेतन नहीं दिया जाता, परंतु मौलवियों को 10 हजार रुपयों का वेतन कैसे दिया जाता है? यह संविधान की समानता के विरोध में है । मंदिरों से 4 प्रतिशत कर वसूलने के निर्णय को हम विरोध करेंगे । इस हेतु हम मान. राज्यपाल को निवेदन देंगे । किसी भी परिस्थिति में हम यह कानून बनने नहीं देंगे, ऐसा प्रतिपादन बिहार की भारतीय जनक्रांति दल के राष्ट्रीय महासचिव अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने किया। वे हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से मंदिरों का अधिग्रहण : सरकारी लूट का तंत्र विषय पर आयोजित ऑनलाइन विशेष संवाद में बोल रहे थे ।

इस समय सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता उमेश शर्मा ने कहा कि मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन टिकटों के काला बाजारी के प्रकरण में साइबर सेल से शिकायत करनी चाहिए तथा न्यायालय से न्याय मांगना चाहिए । बिहार में केवल मंदिरों से 4 प्रतिशत कर वसूलना और अन्य पंथियों को छूट देना, यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 का उल्लंघन है । मंदिर व्यवस्थापन धर्मनिरपेक्ष सरकार का कार्य नहीं है ।

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन स्लॉट में कालाबाजारी; प्रत्येक व्यक्ति से 300 से 750 रुपयों की लूट ! - डॉ. अमित थडानी, मुंबई




कोरोना काल से मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन के लिए ऑनलाइन एप पर बुकिंग करना अनिवार्य किया गया है । इसलिए भक्तों को सीधे दर्शन प्राप्त नहीं होते । भक्त बुकिंग के लिए ऑनलाइन एप पर जाते है, तब पहले ही दर्शन की सर्व प्रवेशिकाएं (स्लॉट) बुक होती है । क्योंकि मंदिर परिसर के सभी दुकानदारों ने अनेक बनावटी खाते बनाकर प्रवेशिकाएं बुक की होती है, जिससे भक्तों को स्लॉट नहीं मिलता । स्थानीय दुकानदार हम आपको दर्शन के लिए प्रवेशिका देते हैं, ऐसा बताकर सिनेमा के टिकटों के समान कालाबाजारी कर प्रत्येक भक्त से 200 से 300 रुपए की लूट की जा रही है । इसमें केवल दुकानदर ही नहीं, अपितु मंडल के कुछ लोग भी सहभागी है । वे दो व्यक्तियों के लिए 1,500 रुपयों की मांग कर रहे हैं । पुलिस ने छापा मारकर कुछ लोगों पर कार्यवाही की हो, तो भी यह संख्या अल्प है । बचे हुए दोषियों पर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए । इसलिए सभी भक्तों को शिकायत करने के लिए आगे आना चाहिए, ऐसा आवाहन यह घोटाला सामने लानेवाले मुंबई के डॉ. अमित थडानी ने किया ।

पूरे देश में सरकारीकरण हुए विविध मंदिरों के भ्रष्टाचार की जानकारी देते हुए सनातन संस्था के धर्मप्रचारक श्री. अभय वर्तक ने कहा कि स्वतंत्रता के उपरांत देश पर हुआ सबसे बड़ा अन्याय अर्थात विविध राज्य सरकारों द्वारा की गई हिन्दू मंदिरों की लूट ! भ्रष्टाचार करनेवाले शासकीय न्यासियों को कारागृह में होना चाहिए । इसके लिए हिन्दुओं को डॉ. थडानी के समान संघर्ष करना होगा । उत्तराखंड में जैसे पुजारी और हिन्दुत्ववादी संगठनों ने एकत्रित संघर्ष करने से वहां के मंदिरों का सरकारीकरण निरस्त हुआ, वैसा ही पूरे देश के हिन्दू संगठित होने पर भी हो सकता है ।

# स्वस्थ और फिट रहना है तो! जरूर दें इन बातों पर ध्यान



हर किसी की चाहत होती है कि वह हमेशा चुस्त-दुरुस्त नजर आए। कारण, मोटापा ऐसी समस्या है, जो अपने साथ ढेर सारी समस्याओं को लेकर आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि आप चाहें तो इन छह बातों का ध्यान रखकर अपने को हमेशा फिट रख सकती हैं...

● हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि प्रतिदिन सुबह जल्दी उठने के अनेक फायदे हैं। कई शोध-अध्ययनों से पता चला है कि सुबह जल्दी उठने से बहुत सी बीमारियां दूर रहती हैं और शरीर सेहतमंद रहता है। अगर आप चाहती हैं कि आप लंबी उम्र तक स्वस्थ रहें तो रोजाना सुबह जल्दी उठने की आदत डालें।

● आहार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आपअपने को हमेशा फिट रखना चाहती हैं तो जंक और प्रोसेस्ड फूड्स से दूर रहें। चाहे देखने में इनकी पैकिंग कितनी भी आकर्षक क्यों न दिखाई दे। विशेषज्ञों के अनुसार जंक और प्रोसेस्ड फूड्स में न केवल फैट होता है, बल्कि इनमें नमक भी अधिक मात्रा में होता है। इसके अलावा इनमें मोटापा बढ़ाने वाले बहुत से अन्य तत्व भी मौजूद होते हैं। इनके अलावा कैफीनयुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन कम से कम करें।

● विशेषज्ञों का कहना है कि खाना खाने के दौरान पानी न पिएं। भोजन करने के साथ पानी पीने की आदत छोड़ दें। भोजन से तुरंत पहले या तुरंत बाद में पानी पीने की आदत सेहत के लिए अच्छी नहीं होती है। भोजन करने के करीब एक घंटे बाद पानी पिएं। चाहे सर्दी का मौसम हो या अन्य कोई प्रतिदिन सात-आठ गिलास पानी अवश्य पिएं। शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रहना बहुत जरूरी है। इससे त्वचा में निखार भी आता है।

● अगर आप मोटापे से बचना चाहती हैं तो हर हाल में रात का खाना सोने से दो-तीन घंटे पहले जरूर कर लें। इसके साथ ही खाना खाने के बाद कुछ देर टहलना भी बहुत जरूरी है। इससे भोजन आसानी से पच जाता है और शरीर को भोजन पचाने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

● आहार विशेषज्ञों का कहना है कि आपका भोजन जितना रंगीन होगा, आप उतना ही स्वस्थ रहेंगी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको कलर मिला हुआ भोजन करना है, बल्कि प्राकृतिक रंगों वाला भोजन करना है। विशेषज्ञों के अनुसार आपके आहार में हर प्रकार की खाद्य सामग्री शामिल होनी चाहिए। मसलन विभिन्न प्रकार की दालें, सभी प्रकार की सब्जियां, अलग-अलग रंगों वाले फल जैसे अमरूद, पपीता, संतरा, केला, अंगूर आदि। इसके साथ ही डेयरी उत्पादों को भी अपने आहार प्रमुखता से शामिल करें। इससे शरीर के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्व आसानी से प्राप्त हो जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि भोजन हमेशा भूख से थोड़ा कम करना चाहिए। इसके अलावा ज्यादा तले-भुने व अधिक मिर्च मसाले वाले भोजन से परहेज करें। कोल्ड ड्रिंक्स की बजाय नींबू पानी, मट्ठा, घर के बने शर्बत, शिकंजी आदि पिएं।

● सुबह और शाम नियमित रूप से टहलना शुरू करें। इसके अलावा योगा या प्राणायाम भी करें। इनसे शरीर के अंदर ऑक्सीजन की पर्याप्त पहुंचती है, जो हमें स्वस्थ रखने में मदद करती है। जहां तक संभव हो थोड़ा सा शारीरिक श्रम भी करें। लिफ्ट और स्वचालित सीढियों के स्थान पर सीढियों का प्रयोग करें। विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह-शाम टहलने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि नींद भी अच्छी आती है।

## मधुमेह नियंत्रण अनाजों की है अपनी भूमिका

मधुमेह नियंत्रण अनाजों की है अपनी भूमिका

अनाज भारतीय आहार के प्रमुख अंग हैं। अनाज हमें ऊर्जा, प्रोटीन और फाइबर के साथ-साथ कई सूक्ष्म पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं, परन्तु विभिन्न अनाज अलग-अलग तरह के प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और पोषक तत्व प्रदान करते हैं। शाकाहारियों के लिए यह आवश्यक है कि वह भिन्न-भिन्न प्रकार के अनाजों का सेवन करें और अनाज के साथ दालों का भी सेवन करें ताकि प्रोटीन पूर्ण रूप से प्राप्त हो।

ग्लाइसिमिक इंडेक्स व परिष्कृत अनाज

गौरतलब है कि परिष्कृत अनाज (रिफाइन्ड सीरियल्स), अनाज की भूसी और इसके अंकुरण की परत को हटाकर तैयार किए जाते हैं। इस प्रकार के परिष्कृत अनाज में पोषक तत्व जैसे लिनोलिक एसिड, फोलिक एसिड, फाइबर, सेलेनियम और विटामिन ई नहीं पाए जाते हैं। साबुत अनाज का ग्लाइसिमिक इन्डेक्स (कितनी जल्दी वह अनाज या खाद्य पदार्थ ग्लूकोज में बदलता है) परिष्कृत अनाजों की तुलना में कम होता है। इस कारण साबुत अनाज ब्लड ग्लूकोज जल्दी नहीं बढ़ाते। आइए जानते हैं विभिन्न अनाजों के बारे में जो मधुमेह (डाइबिटीज) से बचाव करने और उसे नियंत्रित करने में सहायक हैं

**चौलाई**

यह एक लस रहित (ग्लूटेन फ्री) अनाज है। गौरतलब है कि गेहूं में ग्लूटेन नामक तत्व पाया जाता है। जिन लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है, उनके लिए चौलाई एक उपयुक्त विकल्प है। चौलाई में प्रोटीन पर्याप्त मात्रा (15-18 प्रतिशत) में पाया जाता है। इसमें पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम भी पाया जाता है। चौलाई फाइबर, आयरन, पोटैशियम और कई अन्य विटामिनों और खनिजों का अच्छा स्रोत है।

**कुट्टू का आटा**

यह अनाज की तरह इस्तेमाल होता है, परंतु वास्तव में यह एक फल का बीज है। कूट्टू का आटा टाइप-2 मधुमेह और ग्लूटेन से एलर्जी वालों के लिए अच्छा अनाज है। इसमें मैग्नीशियम, फाइटोन्यूट्रीएंट और फाइबर अधिक होता है।

**बाजरा**

यह ऊर्जा देने वाला अनाज हमें पूरे दिन की जरूरत का 26.4 प्रतिशत मैग्नीशियम प्रदान करता है। यह ऐसा खनिज पदार्थ है, जो इंसुलिन पैदा करने वाले एंजाइम का सहायक है। यह टाइप-2 मधुमेह से बचाव करता है और कोलेस्टेरॉल के स्तर को कम करता है।

**ब्राउन राइस**

अपने प्राकृतिक रूप में चावल बहुत पौष्टिक होता है। ब्राउन राइस में मैग्नीज का स्तर उच्च होता है, जो हमारे नर्वस सिस्टम (तंत्रिका तंत्र) को स्वस्थ रखता है। ब्राउन राइस को जब व्हाइट राइस में परिवर्तित किया जाता है, तो वह अपने पोषक तत्व विटामिन और खनिजों को काफी हद तक खो देता है। ब्राउन राइस फाइबर और सेलेनियम में उच्च होता है जो मेटॉबॉलिक सिन्ड्रोम से पीड़ित लोगों और मधुमेह रोगियों के लिए बहुत अच्छा है।

**क्विनोआ**

यह सुपर फूड माना जाता है। इसमें आवश्यक अमीनो एसिड युक्त अनाज से अधिक प्रोटीन होता है। क्विनोआ में कैल्शियम भी पाया जाता है। इसमें आयरन, मैग्नीज, कॉपर, फॉस्फोरस और कई अन्य विटामिन पाए जाते हैं।

यह वजन कम करने के लिए और टाइप-2 मधुमेह के रोगियों के लिए लाभप्रद अनाज है।

**जौ**

इस अनाज का ग्लाइसिमिक इंडेक्स सभी अनाजों की तुलना में सबसे कम है इसलिए मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त अनाज है। कुल मिलाकर रिफाइंड अनाज मधुमेह वालों के लिए अच्छे नहीं होते। जैसे मैदा, सफेद चावल आदि। वहीं कम ग्लाइसिमिक इंडेक्स वाले अनाज जैसे ज्वार और बाजरा आदि मधुमेह वालों के लिए आदर्श आहार हैं।

## असली बालों के पैच से दूर हो रहा गंजापन



बाल उडने़ से देश में हजारों लोग दिन-रात चिंता में डूबे रहते हैं। हेयर ट्रांसप्लांट का खर्चा वे उठा नहीं पाते। ऐसे में तिरुपति बालाजी में दान किए बाल लोगों का गंजापन दूर कर रहे हैं। इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जरी (आइएसएपीएस) की अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में गंजापन के इलाज पर चर्चा की गई। आयोजन सचिव दिल्ली के डॉ. लोकेश कुमार ने बताया कि गंजेपन के लिए हेयर ट्रांसप्लांट महंगा है। ऐसे में 25 से 30 हजार कीमत के हेयर पैच लगाए जा रहे हैं। पहले नायलोन के कृत्रिम बाल से हेयर पैच तैयार होते थे, अब असली बाल का इस्तेमाल किया जाता है। इन असली बालों को तिरुपति बालाजी मंदिर प्रशासन से कंपनियां खरीद रही हैं। बालों की प्रोसेसिंग करने के बाद नेट के कपड़े पर मशीन से इन्हें फिक्स किया जाता है। सिर में जितने स्थान पर गंजापन है, उस आकार का हेयर पैच बनाया जाता है। इसे एक विशेष प्रकार के ग्लू से सिर पर जहां बाल नहीं हैं, वहां चिपका दिया जाता है। यह सामान्य बाल की तरह ही दिखाई देता है। ऐसा महसूस नहीं होता कि विग लगाया है। नहाने पर भी हेयर पैच पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**हर महीने होती सर्विस:** हर महीने हेयर पैच की सर्विस होती है। क्लीनिक पर इसे हटाकर सिर की सफाई की जाती है और दोबारा ग्लू से चिपका दिया जाता है। इसी तरह हर महीने इनकी सफाई होती है। ये एक साल तक काम करते हैं।

**विदेशों में भी मांग:** तिरुपति बालाजी में दान किए गए बालों की विदेशों में भी मांग है। इससे तैयार किए जा रहे हेयर पैच विदेशों में इस्तेमाल हो रहे हैं। जर्मन के डॉ. क्लाउस से बताया कि हेयर ट्रांसप्लांट की नई विधि आ गई है।

इसमें मशीन से बालों के फॉलिकल को निकाल लिया जाता है। सात से आठ घंटे में 3500 बाल लगाए जाते हैं।

## चीनी से पता लगेगा कैंसर

अब नई तकनीक की मदद के जरिए चीनी के इस्तेमाल से कैंसर का पता लगाया जा सकता है। एक नए शोध में पता चला है कि घातक ट्यूमर आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं के मुकाबले अधिक चीनी का उपयोग करता है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी की सीनियर लेक्चरर लिंडा नाटसन ने मंगलवार को बताया कि अगर शरीर में चीनी की जगह विपरीत गुणों वाले तत्व धातु का इस्तेमाल किया जाए तो उसका सकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ेगा। इससे मरीज और शांत हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कम मात्रा में चीनी का इंजेक्शन ट्यूमर में लगाकर उसकी विशेषपताओं का पता लगाया जा सकता है। इंजेक्शन लगाने के बाद देखा जाता है कि ट्यूमर में चीनी सोख ली गई है। ट्यूमर में चीनी की मात्रा जितनी अधिक पाई जाएगी, उतना ही घातक वह ट्यूमर होगा। नाटसन अमेरिका की हॉपकिंस यूनिवर्सिटी की एक टीम के साथ काम कर रही हैं। इस टीम ने एक नई इमेजिंग तकनीक बनाई है जिसका नाम मैगनेटिक रीजोनेंस टोमोग्राफी है। इस परीक्षण में पहली बार किसी गैर सिंथेटिक तत्व चीनी का इस्तेमाल किया गया है। इससे मिलने वाले नतीजे खासे विश्वसनीय हैं। अनुसंधानकर्ताओं के इस शोध में पाया गया कि स्वस्थ ऊतक (टिशु) के बजाय ट्यूमर में शर्करा की मात्रा अधिक पाई जाती है। यह प्रयोग सस्ता भी है। दरअसल धातु आधारित विरोधी तत्व परीक्षण के लिए खासे महंगे पड़ते हैं। जबकि चीनी के उपयोग के साथ ऐसा नहीं है।

## सर्दियों में गर्म पानी से नहाने से होने वाले इन नुकसानों के बारे में कितना जानते हैं आप?



गर्म पानी से नहाने पर आपकी हेल्थ और स्किन दोनों को ही नुकसान होता है। जब आप लगातार गर्म पानी से नहाते हैं तो इससे स्किन का रूखापन काफी बढ़ने लगता है, जिससे गंभीर खुजली की समस्या उत्पन्न होती है। सर्दियों का मौसम आते ही हम सभी के लाइफस्टाइल में काफी बदलाव आ जाता है। खुद को ठंड से बचाने के लिए हम सभी गर्म कपड़ों से लेकर गर्मागर्म खाने का आनंद उठाते हैं। इसी क्रम में नहाते समय भी हम सभी गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं। सर्दियों के मौसम में शायद ही ऐसा कोई घर हो, जहां नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल ना किया जाता हो।

**डॉक्टरों के अनुसार, 30 मिनट से अधिक देर तक हॉट वाटर बाथ लेने से मनुष्य की प्रजनन क्षमता पर विपरीत पर असर पड़ता है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही फर्टिलिटी संबंधी समस्याएं हैं, उन्हें ठंडे पानी से नहाना चाहिए। ऐसे लोगों के लिए बाथटब मे गर्म पानी डालकर लेटे रहना या फिर नहाने का सुझाव बिल्कुल भी नहीं दिया जाता है।**

लेकिन क्या आप जानते हैं कि बहुत अधिक गर्म पानी या फिर बहुत देर तक गर्म पानी में नहाने से आपकी स्किन और सेहत दोनों पर ही विपरीत प्रभाव पड़ता है। तो चलिए आज हम आपको लगातार गर्म पानी से नहाने पर होने वाले ऐसे ही कुछ नुकसानों के बारे में बता रहे हैं-

प्रजनन क्षमता पर पड़ता है असर

डॉक्टरों के अनुसार, 30 मिनट से अधिक देर तक हॉट वाटर बाथ लेने से मनुष्य की प्रजनन क्षमता पर विपरीत पर असर पड़ता है। इसलिए जिन लोगों को पहले से ही फर्टिलिटी संबंधी समस्याएं हैं, उन्हें ठंडे पानी से नहाना चाहिए। ऐसे लोगों के लिए बाथटब में गर्म पानी डालकर लेटे रहना या फिर नहाने का सुझाव बिल्कुल भी नहीं दिया जाता है।

स्किन इंफेक्शन और एलर्जी का खतरा

आपको शायद पता ना हो लेकिन लगातार गर्म पानी से नहाने से स्किन इंफेक्शन और एलर्जी का खतरा भी कहीं अधिक बढ़ जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि जब आप लगातार अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल नहाने के लिए करते हैं तो इससे स्किन की प्राकृतिक नमी खो जाती है, जिससे आपको बार-बार खुजली होती है। जिससे स्किन इंफेक्शन और एलर्जी की संभावना भी बढ़ जाती है।

बना सकता है आलसी

डॉक्टरों के अनुसार, गर्म पानी से आपके शरीर में ऊर्जा का स्तर भी कम हो जाता है। दरअसल, जब आप सुबह के समय गर्म पानी से नहाते हैं तो आप इतने अधिक रिलैक्सड हो जाते हैं कि आपका एक छोटा सा नैप लेने का मन करता है। यह आपकी बॉडी को रिफ्रेश करके उसे एनर्जी देने की जगह आलसी बनाता है।

स्किन की समस्याएं

गर्म पानी से नहाने पर आपकी हेल्थ और स्किन दोनों को ही नुकसान होता है। जब आप लगातार गर्म पानी से नहाते हैं तो इससे स्किन का रूखापन काफी बढ़ने लगता है, जिससे गंभीर खुजली की समस्या उत्पन्न होती है। इसके अलावा, गर्म पानी आपके चेहरे व स्किन की चमक को छीन लेता है। जो लोग लगातार गर्म पानी से नहाते हैं, उनकी त्वचा पर झुर्रियां भी जल्द नजर आती हैं और वह जल्दी एजिंग की तरफ बढ़ते हैं। वहीं, गर्म पानी को सिर में डालने पर बालों की जड़े कमजोर होती हैं, जिससे हेयरफॉल बढ़ता है। इससे आपको रूसी की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है।

## सावधान- ज्यादा नमक खाना सेहत को पहुंचा सकता है नुकसान

**डिहाइड्रेशन के साथ ही अधिक नमक खाने से वाटर रिटेंशन की समस्या भी हो सकती है, इसे फ्लूड रिटेंशन भी कहते हैं। इसमें शरीर में आवश्यकता से अधिक पानी जमा हो जाता है जिसकी वजह से हाथ, पैर और चेहरे में सूजन आ जाती है। त्वचा में भी सूजन हो जाती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आप चीनी की तरह ही खाने में नमक की भी मात्रा सीमित ही रखें और अधिक नमक वाले अचार, पापड़, चिप्स, नमकीन आदि से परहेज करें।**



स्वस्थ व्यक्ति के लिए एक दिन में एक चम्मच नमक का सेवन बहुत है, इससे ज्यादा नमक नहीं खाना चाहिए। चीनी की तरह ही अधिक नमक के सेवन से कैलोरी बढ़ने लगती है और दिल की बीमारी से लेकर कैंसर तक का खतरा बढ़ जाता है।

बिना नमक के भोजन बनाने की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके बिना व्यंजन में स्वाद नहीं आता, लेकिन नमक की संतुलित मात्रा जरूरी होती है यदि यह अधिक हो जाए तो पूरे भोजन का स्वाद बिगाड़ देता है। इसी तरह से यदि शरीर में इसकी मात्रा अधिक हो जाए तो यह आपके शरीर का संतुलन बिगाड़कर इसे बीमार बना देगा।

अधिक नमक के सेवन के नुकसान

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, सोडियम शरीर के लिए जरूरी है, लेकिन इसकी मात्रा अधिक हो जाने पर कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए एक दिन में एक चम्मच नमक का सेवन बहुत है, इससे ज्यादा नमक नहीं खाना चाहिए। चीनी की तरह ही अधिक नमक के सेवन से कैलोरी बढ़ने लगती है और दिल की बीमारी से लेकर कैंसर तक का खतरा बढ़ जाता है।

**किडनी स्टोन**

यदि आपको भी सब्जी-दाल में अलग से नमक खाने की आदत है तो उसे बदल लीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अधिक नमक खाने से यूरीन में कैल्शियम का लेवल स्तर बढ़ जाता है जिससे किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है। यदि आपको किडनी स्टोन की समस्या है तो नमक के सेवन की मात्रा सीमित कर दें। साथ ही अधिक नमक खाने से वजन भी बढ़ने लगता है।

**हाई ब्लड प्रेशर**

विशेषज्ञों के मुताबिक, शरीर में सोडियम की थोड़ी मात्रा जरूरी है, लेकिन इसके अधिक होने पर कई तरह की बीमारियां हो सकती है। ज्यादा नमक से हाई बीपी की समस्या भी हो सकती है। दरअसल, सोडियम अधिक होने पर ब्लड फ्लो बढ़ जाता है और बहुत अधिक ब्ल्ड फ्लो के कारण हृद्य और धमनियों पर प्रेशर आता है जिसके कारण हार्ट अटैक और दिल संबंधी अन्य बीमारियां हो सकती हैं। यदि आपको हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो बहुत जरूरी है कि आप भोजन में नमक की मात्रा बिल्कुल सीमित कर दें।

**डिहाइड्रेशन**-यदि आप अचार, पापड़, चटनी जैसी चीजें अधिक खाते हैं तो याद रखिए कि इन पदार्थों में नमक की मात्रा अधिक होती है जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ज्यादा नमक के सेवन से डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए सीमित मात्रा में नमक का सेवन करें और खूब पानी पीएं।

**वाटर रिटेंशन**-डिहाइड्रेशन के साथ ही अधिक नमक खाने से वाटर रिटेंशन की समस्या भी हो सकती है, इसे फ्लूड रिटेंशन भी कहते हैं। इसमे शरीर में आवश्यकता से अधिक पानी जमा हो जाता है जिसकी वजह से हाथ, पैर और चेहरे में सूजन आ जाती है। त्वचा में भी सूजन हो जाती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आप चीनी की तरह ही खाने में नमक की भी मात्रा सीमित ही रखें और अधिक नमक वाले अचार, पापड़, चिप्स, नमकीन आदि से परहेज करें।

## फेस्टिव सीजन में बढ़े वजन को करें कम

कोरोना के मद्देनजर चल रहे वर्क फ्रॉम होम में वजन कम करना बेहद मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कुछ लोग स्ट्रिक्ट डाइट की सलाह देते हैं तो अन्य भारी वर्कआउट के महत्व पर जोर देते हैं। लेकिन वजन घटाने के इन नियमों का पालन करने के अलावा, आपको इन दोनों और अन्य चीजों के बीच संतुलन बनाना भी सीखना चाहिए। ऐसा करने के लिए, आपको जीवन जीने के स्वस्थ विकल्प बनाने चाहिए जो न केवल आपको सही मात्रा में वजन कम करने में मदद करते हैं, बल्कि आपको हेल्दी भी रखते हैं। फेस्टिव सीजन में पूरी, पकवान और मिठाई खाने बाद इन 6 तरीकों से आप आसानी से अपना वजन कम कर सकते हैं-

**1.एक हेल्दी डाइट चार्ट प्लान करें**

हेल्दी खाना वजन कम करने की कुंजी है। आपको तृप्त रखने के अलावा, यह दूसरे बाहर के अनहाइजीनिक खाने से आपको दूर रखता है। बाहर का खाना वजन बढ़ने के प्रमुख कारणों में से एक है। इसके अलावा, जरुरी है कि आप एक साप्ताहिक डाइट प्लान बनाए, इससे आपको अपने भोजन को पहले से तय करने में मदद मिलेगी जो आपको दूसरे किसी भी प्रकार के बाहर के खाने से बचाएगा।

**2. रोज वर्कआउट या एक्सरसाइज करें**-अपने टाइम-टेबल में एक्सरसाइज या वर्कआउट एड करने से आप आसानी से कैलोरी बर्न कर सकते हैं। यह न केवल आपको वजन कम करने और फिट शरीर बनाए रखने में मदद करता बल्कि आपको डाइटिंग नाम पर न खाने और न भूखे रहने की आजादी देता है।

## विवादित बार डांसर स्वीटी के जीवन पर बायोपिक बनाएंगे संजय गुप्ता!

मुंबई (आईएएनएस)। फरदीन खान और रितेश देशमुख अभिनीत फिल्म 'विस्फोट' के पूरा होने के साथ ही संजय गुप्ता मुंबई के टोपाज बार की भारत की सबसे प्रसिद्ध और विवादास्पद बार डांसर स्वीटी पर एक बायोपिक का निर्माण करने के लिए तैयार हैं।



'टोपाज' शीर्षक वाली इस बायोपिक का निर्देशन समित कक्कड़ करेंगे और यह फिल्म अगले साल तैयार होगी। फिल्म की कास्टिंग चल रही है, इसे मुंबई और उसके आसपास फिल्माया जाएगा। व्हाइट फेदर फिल्म्स इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने कहा, 'यह फिल्म बनाने का सही समय है। इस महामारी के कारण हमारा बहुत वक्त बरबाद हुआ है और हम लोग ज्यादा काम भी नहीं कर पाए, लेकिन अब हम नहीं रुकेंगे।' विवादास्पद बार डांसर का जीवन मुंबई के इतिहास के अध्याय में महत्वपूर्ण है, इस बारे में बात करते हुए, निर्माता कहते हैं, 'स्वीटी की कहानी मुंबई के इतिहास का एक सम्मोहक अध्याय है। यह जीवन से बड़ा, विवादास्पद, रंगीन और रोमांचक है। यही कारण है कि मुख्य रूप से मैं इसके लिए तैयार था। पिछले दो सालों में हमने जो पटकथा विकसित की है, उसे देखते हुए, मुझे यकीन है कि दर्शक इसे अपने समय के लायक भी पाएंगे।' निर्देशक समित ने कहा, 'मुझे स्वीटी को करीब से जानने का मौका मिला है।



## गुणकारी छिलके

कानपुर (एसएनबी)। सामान्य रूप से घरों में फल और सब्जियों के छिलकों को फेंक दिया जाता है। फल और सब्जियों के छिलकों का हम सुंदरता और स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार उपयोग करें, इस विषय पर देश की प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रजनी पोरवाल ने बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी दी है। डॉ. रजनी पोरवाल श्रीनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय भगवतदास घाट सिविल लाइंस कानपुर की मुख्य चिकित्सक हैं।



डॉ. रजनी पोरवाल
श्रीनाथ चिकित्सालय की कंसलटेंट नेचुरोपैथ

1. सेब के छिलकों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर सुखाकर पीस लें। एक चम्मच इस पाउडर को दो कप पानी में खूब उबालें, जब पानी की आधी मात्रा शेष बचे, तब इसे छानकर चाय की तरह पीएं। यह चाय और कॉफी के हानिकारक तत्वों से मुक्त मिनरल्स और विटामिंस का भरपूर स्रोत प्रदान करने वाला पौष्टिक और इम्यूनिटी बढ़ाने वाला स्वास्थ्यवर्धक पेय है। इसका स्वाद और खुशबू भी बेमिसाल होती है, अच्छी होती है। मधुमेह, हृदय रोगियों और उच्च रक्तचाप के मरीजों के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसमें अदरक, छोटी इलायची और गुड़ डालकर इसे बच्चों के लिए भी स्वादिष्ट और शक्तिवर्धक बनाया जा सकता है। घर आए मेहमान को पिलाकर आप वाहवाही लूट सकते हैं।

2. संतरा, मौसमी अथवा नींबू के छिलके आमतौर से फेंक दिए जाते हैं। इनको कैंची से छोटे-छोटे टुकड़े करके सुखा लें और मिक्सी में पीसकर पाउडर बनाकर रख लें। एक चम्मच संतरा, मौसमी या नींबू के छिलकों का यह पाउडर आधी कटोरी मुल्तानी मिट्टी के साथ पानी में पेस्ट बना लें। आधा घंटा इसे फूलने दें। इसे नहाते समय पूरे शरीर पर रगड़-रगड़ कर लगाएं। 15 से 20 मिनट तक कोमल-कोमल शरीर की मालिश करने के बाद स्नान कर लें। ढलती उम्र में त्वचा का ढीलापन हो जाना, त्वचा पर झुर्रियां पड़ जाना, इस छोटे से प्रयोग से पूरी तरह नियंत्रित हो जाता है। चेहरे और हाथ-पैरों की लटकती बेजान त्वचा में कसाव आता है और देखने में शरीर वास्तविक उम्र से कम आयु का प्रतीत होता है। युवाओं के लिए भी यह सुंदरता और आकर्षक त्वचा के लिए रामबाण प्रयोग है। इस प्रयोग के साथ नहाते समय साबुन का प्रयोग ना करें और स्नान करने के बाद केसरादि तेल या देसी घी या नारियल का तेल हल्के-हल्के पूरे शरीर पर लगा लेना चाहिए।



3. तुरई, लौकी, टिंडा जैसी सब्जियों के छिलके फेंक दिए जाते हैं। अगर इन्हें छोटे-छोटे टुकड़े करके सुखाकर पाउडर बना के रख लें तो यह हमारे किचन की शोभा बन जाते हैं और शरीर को पौष्टिकता प्रदान करते हैं। रोटी बनाने के लिए आटा गूथते समय दो-तीन चम्मच सब्जियों के छिलके का यह पाउडर आटे में मिला देने से रोटी के साथ भरपूर मात्रा में फाइबर और मिनरल्स शरीर में पहुंचते हैं, जो अच्छी सेहत के लिए आवश्यक है। साथ ही साथ इससे बनी चपाती खुश्क, मुलायम और बहुत ही स्वादिष्ट बनती है।

4. धनिया और पुदीना की पत्तियों को तोड़ने के बाद उसकी छोटी-छोटी डालियों को कूड़े में फेंक देते हैं। इसके बारीक-बारीक टुकड़े करके सुखा लें। सब्जी में इसका एक चम्मच पाउडर डालने से सब्जी भीनी-भीनी खुशबू वाली और स्वाद में बहुत ही अच्छी बनती है। साथ ही इस पाउडर को सब्जी, दाल, छोले, राजमा आदि में डालने से खाना खाने के बाद होने वाली एसिडिटी, गैस और पेट में मरोड़ की समस्या भी पूरी तरह ठीक हो जाती है।

## पवन सिंह का गाना 'तुमसा कोई प्यारा' का टीजर रिलीज



मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का गाना 'तुमसा कोई प्यारा' का टीजर रिलीज हो गया है। पवन सिंह अपने अलग अंदाज में भोजपुरी संगीतप्रेमियों के मनोरंजन के लिए जल्द ही एक गाना तुमसा कोई प्यारा लेकर आ रहे हैं। इस गाने का टीर टिप्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो गया है। इस गाने में पवन सिंह के साथ सौंदर्य शर्मा और लेखा प्रजापति नजर आ रही है। टीर में पवन सिंह बाइक पर अट्रैक्टिव अंदाज में एंट्री करते हैं और अपनी प्रेमिका लेखा प्रजापति से गले मिलते हैं। वहीं कहानी में मोड़ तब आता है जब उस लड़की को गले लगाते हुए सौंदर्य शर्मा, पवन सिंह को देख लेती हैं। पवन सिंह इस गाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसका टीर शेयर करते हुए लिखा है, आ रहा हूँ एक नए अंदाज में लेकर एक धमाकेदार गाना तुमसा कोई प्यारा बहुत जल्द लेकर। टिप्स भोजपुरी पर यह गीत जल्द रिलीज होगा। इस गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने गाया है। गीत रौशन सिंह विश्वास ने लिखे हैं जबकि संगीतकार प्रियांशू सिंह हैं। तुमसा कोई प्यारा गाने के ओरिजनल गीतकार राहत इंदौरी, संगीतकार अनु मलिक थे। जिसे कुमार शानू, अल्का याग्निक ने गाया था। पवन सिंह के इस सांग के निर्देशक आनंद मिश्र, डीओपी जय पारिख हैं। कोरियोग्राफर कृतिक मीरे एंड टीम हैं। अंडर द सन स्टूडियोज के बैनर तले इसे प्रोड्यूस किया गया है।

## 'आर्या' ने मुझे फिल्म निर्माण की ओर आकर्षित किया

नई दिल्ली (भाषा)। अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि जब उन्होंने वेब सीरीज़ 'आर्या' में काम करना शुरू किया था तो उन्हें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी कामयाब होगी और दर्शकों समेत आलोचकों को भी पसंद आएगी। सुष्मिता के मुताबिक 'आर्या' ने उन्हें एक बार फिर फिल्म निर्माण की ओर आकर्षित किया है और इसे लेकर उनका जुनून और भी बढ गया है। सुष्मिता ने आखिरी बार 2015 में आई बांग्ला फीचर फिल्म 'निर्बाक' में काम किया था। इसके बाद अभिनेत्री ने 2020 में निर्देशक राम माधवानी की सीरीज़ 'आर्या' के पहले सीज़न में दमदार अभिनय के जरिए शानदार वापसी की। सुष्मिता ने विशेष साक्षात्कार में कहा, 'जब हमने 'आर्या' का पहला सीजन बनाया था, तो हमें बिल्कुल भी उम्मीद नहीं थी कि इसे दर्शकों का इतना प्यार मिलेगा। हमने 'आर्या' का निर्माण कड़ी मेहनत से किया था और इसके साथ हमारी भावनाएं भी जुड़ी हुई थीं। 'आर्या' की टीम में हम कुल 500 सदस्य थे और इसे बनाने में टीम के प्रत्येक सदस्य ने अपनी पूरी ताकत और क्षमता झोंक दी थी। 'आर्या' को दर्शकों समेत आलोचकों ने जितना पसंद किया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी।' दिग्गज अभिनेत्री ने कहा, 'आर्या' में काम करने के दौरान लंबे समय बाद फिल्म निर्माण की कला को लेकर मेरा लगाव और जुनून एक बार फिर बढ गया है और मैं पुनः इस ओर आकर्षित हो रही हूं।' 'आर्या' में अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने प्रमुख किरदार निभाया है, इस सीरीज़ को 2021 के अंतरराष्ट्रीय ऐमी पुरस्कारों में भारत की ओर से कई श्रेणियों में नामित किया गया था। 'आर्या' का दूसरा सीजन डिजिटल स्ट्रीमिंग (ओटीटी) प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 10 दिसम्बर से प्रसारित होगा। पहले सीजन की कहानी सुष्मिता सेन द्वारा निभाई गई आर्या नाम की एक खुशहाल विवाहित महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी उस समय एक नया मोड़ लेती है, जब उसके पति एवं दवा कारोबारी तेज सरीन (चंद्रचूड़ सिंह) की गोली मार कर हत्या कर दी जाती है। इसके बाद तेज के मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में कथित रूप से शामिल होने को लेकर आर्या और उसके बच्चों के जीवन पर खतरा मंडराने लगता है। दूसरे सीजन में आर्या की आगे की जिंदगी को दिखाया जाएगा। इस बार एक मां के रूप में आर्या अपराध की दुनिया और दुश्मनों से अपने परिवार और बच्चों की सुरक्षा करती हुई नजर आएंगी। 'आर्या' के दूसरे सीज़न में सुष्मिता सेन के अलावा सिकंदर खेर, विकास कुमार, मेयो सराव, अंकुर भाटिया, आकाश खुराना और दिलनाज़ ईरानी जैसे कलाकार अहम भूमिका में दिखाई देंगे। इस सीरीज का निर्माण एंडेमॉल शाइन इंडिया और राम माधवानी फिल्म्स ने किया है।



## अर्जुन कपूर ने खुद को बताया सेल्फी किंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर शेयर करते हुए खुद को सेल्फी किंग बताया है। अर्जुन कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। अर्जुन अक्सर अपने फोटोज वीडियो फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी गर्लफ्रेंड मलाइका अरोड़ा के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रहे हैं। अर्जुन कपूर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह चिल करते दिख रहे हैं। अर्जुन कपूर ने तस्वीरों को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन सभी फोटोज में अर्जुन कपूर सेल्फी लेते दिख रहे हैं। उन्होंने तस्वीरों के शेयर कर खुद को सेल्फ किंग बताते हुए कैप्शन लिखा, 'सेल्फी किंग के ओर से नमस्कार।



## मिथुन चक्रवर्ती करेंगे डिजिटल डेब्यू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे हैं।बॉलीवुड में चर्चा है कि मिथुन चक्रवर्ती ने हाल ही में एक



वेबसीरीज साइन की है। इस सीरीज में मिथुन के साथ श्रुति हासन भी लीड रोल में नजर आने वाली है। यह श्रुति हासन की भी पहली वेब सीरीज होने वाली है। सीरीज की शूटिंग पूरी हो गई है। मुकुल अभ्यंकर इस सीरीज को निर्दशित कर रहे हैं। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने इसे प्रोड्यूस किया है। वेब सीरीज में मिथुन-श्रुति के अलावा अर्जन बाजवा, गौहर खान और सत्यजीत दुबे भी लीड रोल में है। यह सीरीज लेखक रवि सुब्रमण्यम के उपन्यास 'द बेस्टसेलर शी वॉट्ट' पर आधारित है। यह वेबसीरीज 2022 की पहली छमाही में रिलीज होगी।

## निजी समारोह में वैवाहिक बंधन में बंधेंगे कैटरीना और विक्की

मुंबई (भाषा)। बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल अगले सप्ताह राजस्थान में एक निजी समारोह में विवाह के बंधन में बंध जाएंगे। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। कैफ (38) और कौशल (33) की डेटिंग की खबरें एक साल से अधिक समय से चल रही हैं, लेकिन दोनों ने अपने रिश्ते को कभी सार्वजनिक नहीं किया। इस घटनाक्रम से जुड़े करीबी सूत्र के अनुसार, विवाह समारोह राजस्थान में 7 से 9 दिसम्बर तक आयोजित किये जाएंगे, जिसमें संगीत और मेहंदी आदि शामिल हैं। सूत्र ने कहा, 'उनकी शादी सादगी से होने जा रही है, जिसमें केवल पारिवारिक लोग और करीबी दोस्त शामिल होंगे। दोनों बाद में फिल्म उद्योग के लोगों के लिए एक समारोह की मेजबानी करेंगे।' बताया जा रहा है कि शादी सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा शहर के सिक्स सेंस फोर्ट बड़वारा में होगी। सवाई माधोपुर जिला कलक्टर राजेंद्र किशन ने शुक्रवार को कहा था कि विवाह के दौरान कानून व्यवस्था पर चर्चा के उद्देश्य से जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई थी। किशन ने यह भी कहा था कि कोरोना वायरस महामारी की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिए गए हैं कि सभी मेहमानों का टीकाकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा था, 'जहां तक ??हमें बताया गया है, सात से 10 दिसम्बर तक चलने वाले विवाह समारोह में 120 मेहमान शामिल होंगे। जिन लोगों ने वैक्सीन की खुराक नहीं ली है, उनके लिए आरटी पीसीआर जांच अनिवार्य है।'





## रणवीर, आलिया में इंटीमेट सीन नहीं

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के बीच आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में कोई किसिंग या इंटीमेट सीन नहीं होगा। करण जौहर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में रणवीर-आलिया मुख्य भूमिकाओं में



नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग दिल्ली में चल रही है। कहा जा रहा है कि रणवीर और आलिया अपने पार्टनर्स दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर के लिए बेहद कमिटेड हैं, जिसके चलते वे अब किसी फिल्म में ऑनस्क्रीन किसिंग सीन नहीं देना चाहते हैं। दोनों अब फिल्म में किसिंग सीन या किसी भी तरह का इंटीमेट सीन नहीं करना चाहते हैं। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए करण जौहर लंबे वक्त बाद फिल्म निर्देशन के क्षेत्र में वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी अहम किरदार में नजर आएगी।

## भाषा के उच्चारण को लेकर भी हो सकता है भेदभाव

लंदन (एजेंसी)। दुनियाभर में अलग-अलग भाषाओं को अलग-अलग उच्चारण के साथ बोला जाता है। अमेरिका में यदि अंग्रेजी बोलने का लोगों का अंदाज अलग है तो ब्रिटेन में अलग। ऐसा ही फ्रांसीसी, इतालवी तथा अन्य भाषाओं के साथ भी होता है। लेकिन इन सबके बीच उच्चारण के आधार पर भेदभाव भी एक कड़वी सच्चाई है, जो समय-समय पर किए गए शोध में सामने आती रही है। ऊपर से देखा जाए तो अक्सर हमें अलग-अलग उच्चारण सुनने में आनंद आता है। हम जिस तरह से बात करते हैं वह उस वातावरण में भाषा की ध्वनि को दर्शाता है जिसके बीच हम बड़े हुए हैं। इसका कोई सामाजिक महत्व नहीं होना चाहिए। लेकिन वास्तव में, लोग उच्चारण को महत्व देते हैं और कई बार इस मामले में वक्ताओं के साथ भेदभाव भी देखने को मिलता है। अमेरिका और ब्रिटेन में अंग्रेजी बोलने वालों पर किये गए शोध से पता चलता है कि किसी विदेशी व्यक्ति के उच्चारण को अक्सर नकारात्मक माना जाता है। हालांकि फ्रांसीसी सहित कुछ भाषाओं में इस तरह के अनुभव कम देखने को मिले हैं। उदाहरण के लिए जिन लोगों की उच्चारण पर पकड़ होती है, वे ऐसे लोगों को कम ज्ञानी और आत्मविश्वासी मानते हैं और कुछ शोध से संकेत मिलता है कि विदेशी उच्चारण वाले लोगों को नौकरी पर रखे जाने या पदोन्नति दिये जाने की संभावना भी कम होती है। हमारे हाल के अध्ययन में हमने बताया है कि लोग विदेशी वक्ताओं के साथ भेदभाव कर सकते हैं, भले ही वे पूर्वाग्रही न हों। ऐसा इसलिए है क्योंकि विदेशी उच्चारण वाले भाषण को पेश करना कठिन हो सकता है। विदेशी लोग इसे मूल मानदंडों के बजाय अलग तरह से उच्चारित करते हैं, जिससे उच्चारण में पारंगत लोगों को तालमेल बिठाना मुश्किल हो जाता है। एक अध्ययन से पता चलता है कि अधिक विविध वातावरण बनाकर हम संभावित रूप से उच्चारण के आधार पर किसी भी अचेतन भेदभाव का मुकाबला करने में मदद कर सकते हैं। एक ऐसा वातावरण बनाया जाना चाहिये जहां देशी और विदेशी वक्ता नियमित रूप से बातचीत कर सकें। देशी और गैर देशी वक्ताओं के बीच संपर्क पूर्वाग्रह को कम करने में भी मदद कर सकता है। साथ ही सांस्कृतिक बदलाव की जरूरत है। विविधता को बढ़ावा देने के अलावा, हम सभी को पहले कदम के रूप में इस तथ्य से अवगत होना चाहिए कि हम में से प्रत्येक का अपना अलग उच्चारण है। हमे इस बात को ध्यान में रखना चाहिये कि उच्चारण किसी व्यक्ति के ज्ञान को ही दर्शाते हैं, और इसका किसी भाषा में हमारी दक्षता से कोई संबंध नहीं है। वास्तव में, गैर-देशी वक्ता अपने मूल उच्चारण को बनाए रखते हुए भी किसी भाषा में अत्यधिक महारत हासिल कर सकते हैं।

■ एक अध्ययन ने कराया सच्चाई से रूबरू

## मणिपुर में बनेगा सबसे ऊंचा रेल पुल

■ इंफाल (आईएएनएस)।

भारत का पूर्वोत्तर क्षेत्र दुनिया का छठा सबसे अधिक भूकंप संभावित क्षेत्र हैं। यहां हिमालयी क्षेत्र की मिट्टी कमजोर है और भारी मानसून के कारण काम का मौसम बहुत कम होता है। इन चुनौतियों के बावजूद 111 किलोमीटर लंबी जिरीबम-इंफाल नई रेलवे लाइन के हिस्से के रूप में मणिपुर की नोनी पहाड़ी घाटी में दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल बनाया जा रहा है।

विशाल पुल का निर्माण 2015 से पश्चिमी मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में 374 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है, जो 14,320 करोड़ रुपये की ब्रॉड गेज रेलवे लाइनों के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में है, जो दिसम्बर 2023 तक मणिपुर की राजधानी इंफाल को जोड़ेगी।

मणिपुर रेलवे परियोजना के मुख्य इंजीनियर संदीप शर्मा ने कहा, पूर्वोत्तर क्षेत्र दुनिया में छठा सबसे अधिक भूकंप संभावित क्षेत्र है। हिमालयी क्षेत्र की मिट्टी कमजोर है और लंबी अवधि के लिए भारी मानसून के कारण पहाड़ी क्षेत्र में काम का मौसम बहुत कम होता है। शर्मा ने फोन पर बताया, कई बाधाओं, चुनौतियों और निर्माण मटेरियल के परिवहन की समस्याओं के बावजूद, बड़े आकार के पुल पर लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और बाकी का काम अगले साल अगस्त में पूरा हो जाएगा।

## पंचकोसी परिक्रमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान देगी योगी सरकार

■ वाराणसी (वार्ता)।

सनातन धर्म में खास महत्व रखने वाली पंचकोसी यात्रा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार काशी के ज्योतिर्लिंगाकार परिक्रमा पथ को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए मंदिरों, कुंडों और यात्री निवास का सुंदरीकरण कराने जा रही है।

सरकार का दावा है कि लगभग 70 किलोमीटर की इस धार्मिक मार्ग के विकास से रोजगार और व्यवसाय के नए अवसर उपलब्ध होंगे। काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि क़रीब 70 किलोमीटर की पंचकोसी यात्रा को श्रद्धालु नंगे पांव करते हैं। इसके पांच पड़ाव कंदवा, भीमचंडी, रामेश्वर, पांचों पांडव व कपिलधारा हैं। पांच दिन की यात्रा में एक-एक रात्रि विश्राम का विधान है। इसके अलावा इस धार्मिक मार्ग पर मंदिर, कुंड, तालाब और यात्री निवास स्थल हैं। पंचकोसी परिक्रमा की ख़ास बात यह है कि इस यात्रा में सभी धार्मिक स्थल दाहिने तरफ स्थित हैं।

■ मंदिरों, कुंडों और यात्री निवास का कराया जाएगा सुंदरीकरण

■ 70 किलोमीटर की पंचकोसी यात्रा को श्रद्धालु नंगे पांव करते हैं

योगी सरकार ने पंचकोशी यात्रा को आसान करने के लिए इस धार्मिक मार्ग के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई है। इससे लोग साल भर इस धार्मिक यात्रा को कर सकेंगे। साथ ही लोगों को इसके महत्व का पता चल सकेगा। सरकार पंचकोसी मार्ग पर कई तरह के आयोजनों के करने की योजना बनाई है, जिससे स्थानीय लोगों को रोगार और नए व्यवसाय के अवसर मिलेंगे। इससे वेलनेस सेंटर, रिसार्ट, होटल के अलावा पर्यटन संबंधित व्यवसाय को गति मिलेगी।


वाराणसी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष ईशा दुहन ने बताया कि इस प्रदिक्षणा यात्रा के दौरान 108 मुख्य मंदिरों, 44 धर्मशाला ( तीर्थयात्री आश्रयों या रात्रि विश्राम) और कुंड पड़ते हैं। कुओं और चौपाल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। पड़ावों में ऐतिहासिक महत्व के सभी कुंडों को सजाया संवारा जाएगा। खुले स्थान या कथा स्थल में उद्यानों को लैंडस्केपिंग के माध्यम से खूबसूरत बनाया जाएगा। पड़ावों या मंदिरों के आसपास अस्थायी आश्रयों या बैठने की सुविधाओं का विकास होगा, जिससे श्रद्धालुओ को आरामदायक जगह मिलेगी।

इसके अलावा पंचकोसी तीर्थ श्रद्धालुओं को मार्ग पर साइनेज मिलेगा, जो उनको रास्ता दिखाएगा। पंचकोसी मार्ग के सभी धार्मिक स्थलों पर और पड़ाव पर उससे संबंधित पूरी जानकारी लिखी होगी। इसके अलावा बाहर से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को वाराणसी में आते ही पंचकोसी मार्ग की जानकारी रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप समेत कई जगह मिलेगी। राज्य पुरातत्व विभाग के माध्यम से उच्च स्थापत्य और पुरातात्विक मूल्य वाले सभी मंदिरों के संरक्षण की पहल होगी। पंचकोसी यात्रा के लिए विरासत प्रबंधन योजना तैयार होगी और पैदल यात्रा अनुकूल मार्ग का विकास किया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि इस योजना के लिए शासन को डीपीआर भेजा जा चुका है।

# संदिग्धों की आशंका में हुई घटना 1 महीने में रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

## शीतकालीन सत्र 2021: नगालैंड फायरिंग पर बोले अमित शाह

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा में तो कामकाज चला लेकिन विपक्षी दलों के अड़ियल रुख के कारण राज्यसभा लगातार बाधित हो रही है। राज्यसभा के 12 सदस्यों के निलंबन की वापसी और किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी सहित कई मांगों को लेकर विपक्ष सदन की कार्यवाही नहीं चलने दे रहा है। दूसरी तरफ नगालैंड फायरिंग के मुद्दे पर भी विपक्ष हंगामा करता रहा। इसके कारण राज्यसभा की कार्यवाही को सुबह 12 बजे और दूसरी बार 2 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में नगालैंड फायरिंग पर दुख जताते हुए कहा कि संदिग्धों की आशंका में यह घटना हुई। गृह मंत्री ने कहा कि मौजूदा स्थिति तनावपूर्ण है, लेकिन नियंत्रण में है। 5 दिसंबर को नागालैंड के डीजीपी और कमिश्नर ने साइट का दौरा किया। एसआइटी को एक माहीने में जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। अमित शाह ने कहा कि ओटिंग, सोम में चरमपंथियों की गतिविधि की सूचना मिली थी। इसी आधार पर 21 कमांडो ने संदिग्ध इलाके में



घात लगाकर हमला किया। इस दौरान वहां एक वाहन पहुंचा, उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की। चरमपंथियों को ले जा रहे वाहन के संदेह में, उस पर गोली चलाई गई। गृह मंत्री ने आगे कहा कि वाहन में सवार 8 लोगों में से 6 की मौत हो गई। बाद में पता चला कि यह गलत पहचान का मामला है। घायल हुए 2 अन्य लोगों को सेना द्वारा निकटतम स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इसकी खबर मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सेना की टुकड़ी को घेर लिया, 2 वाहनों में आग लगा दी और उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के हमले में सुरक्षाबलों का एक जवान शहीद हो गया, जबकि कई अन्य जवान घायल हुए। सुरक्षाबलों को आत्मरक्षा और भीड़ को तितर-बितर करने के लिए फायरिंग का सहारा लेना पड़ा। इससे 7 और नागरिकों की मौत हो गई, कुछ अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन-पुलिस ने स्थिति सामान्य करने की कोशिश की। शीतकालीन सत्र के दौरान राज्यसभा से निलंबित किए गए विपक्षी नेताओं ने सोमवार को संसद परिसर में डा. बीआर अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। मानसून सत्र के आखिरी दिन कथित रूप से हंगामा करने के आरोप में 12 विपक्षी सांसदों को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। लोकसभा में नगालैंड से एनडीपीपी सांसद टी येप्थोमी ने फायरिंग में नागरिकों की मौत पर कहा कि जांच शुरू की जानी चाहिए। राज्य सरकार ने प्रत्येक पीड़ित परिवार को 5-5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी है। केंद्र को भी प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा देना चाहिए। राज्यसभा की कार्यवाही एक बार फिर शुरू हो गई है। विपक्ष नगालैंड फायरिंग के मुद्दे पर चर्चा और गृह मंत्री के बयान की मांग पर संसद के दोनों सदनों में हंगामा कर रहे हैं। नगालैंड फायरिंग पर केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की विपक्षी सांसदों की मांग के बीच राज्यसभा आज दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## महिला जिलाध्यक्ष के समक्ष सपा नेता ने दो दर्जन लोगों के साथ की कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। लड़की हूं लड़ सकती हूं कांग्रेस सदस्यता अभियान के तहत रविवार को रोहनिया स्थित जिला कैंप कार्यालय कांग्रेस वाराणसी में अनुराधा यादव महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में विश्वास रखते हुए सुनील यादव ने सपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता अपने दो दर्जन साथियों के साथ ग्रहण की। इस कड़ी में उन्हें सदस्यता दिलाने का कार्य ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी के समक्ष जिलाध्यक्ष कांग्रेस वाराणसी राजेश्वर पटेल ने दिलाई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव कमलेश ओझा ने नए सदस्यों को शुभकामनाएं दी। पार्टी से जुड़ने वाले नए सदस्यों में अवधेश जायसवाल, विकास यादव, संजय यादव, सूरज यादव, विद्यासागर यादव, पंकज यादव, अवनीश कुमार यादव, एहतेशाम आलम, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद शमसुद्दीन, आदित्य ठाकुर, सागर यादव, एकांश गॉड, विराट यादव, अरविंद गौड़ एवं अन्य कई लोग शामिल रहे।

## सपा विधायक प्रभु नरायण सहित सैकड़ों लोगों पर मुकदमा दर्ज

चंदौली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चंदौली दौरा के दौरान समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता और पुलिस के बीच हुई झड़प में बलुआ थाने में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव व संतोष यादव सहित सैकड़ों अन्य लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। सीएम योगी को पत्रक सौंपने जा रहे सपा नेताओं को पुलिस ने रोक था। इसी बीच सपा नेता हंगामा करने लगें। जिन्हें काबू करने के लिए पुलिस को लाठियां भी भांजनी पड़ी थी। दरअसल सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ चंदौली दौरे पर थे। जिन्हें बिना अनुमति पत्रक सौंपने सैकड़ों की संख्या में सपा नेता व कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल की तरफ जा रहे थें। जिन्हें पुलिस ने रोक दिया था। और शांति पूर्वक पत्र सौंपने की बात कही थी। इस बीच मुख्यमंत्री का उड़न खटोला उतरता देख सपा नेता हंगामा करने लगे। पुलिस के मना करने के बावजूद सपाई माने नहीं। कई जगह घेराबंदी करनी पड़ी, लेकिन सपा कार्यकर्ता और नेता पुलिस को धता बताते हुए आगे बढ़ते रहे। इस दौरान सकलडीहा सीओ अनिरुद्ध के साथ दुर्व्यवहार भी किया। सपा नेताओं में बढ़ता आक्रोश देख स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने जमकर सपा नेताओं पर लाठियां भी बरसाईं थीं। बताया गया कि इस पूरे प्रकरण में चंदौली पुलिस ने बलुआ थाना में सकलडीहा विधायक प्रभु नारायण यादव व संतोष यादव समेत 100 से अधिक नामजद व अज्ञान लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। आईपीसी की धारा 147, 149, 186, 353, 341, और दंड विधि अधिनियम 2013 की धारा 7 के के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## आजम खां के बाबा साहब आम्बेडकर को लैंड माफिया बोलने पर ताली बजा रहे थे अखिलेश यादव: बृज लाल

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सदस्य तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक बृज लाल ने भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करने के साथ ही समाजवादी पार्टी पर बड़ा बोला। इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दलित प्रेम को भी दिखावा बताया।

कुशीनगर निवासी बृज लाल ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन किया। इसके साथ ही ट्वीट वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि मैं तो वर्ष 2016 के उस दिन को याद करके भावुक हो जाता हूं, जब गाजियाबाद में अखिलेश यादव सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे आजम खां ने भारत रत्न बाबा साहब आम्बेडकर को लैंड माफिया बोला था। गाजियाबाद में अखिलेश यादव ने हज हाउस का उद्घाटन किया था। इस समारोह में जब मंच पर आजम खां ने बाबा साहब को लैंड माफिया यानी भू-माफिया बोला था, तब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ा रहे थे। ऐसे अखिलेश यादव को बाबा साहब के



महापरिनिर्वाण दिवस पर उनको नमन करना शोभा नहीं देता है। बृज लाल ने कहा कि आजम खां ने इस समारोह में सामने दिख रही बाबा साहब डा. आम्बेडकर की प्रतिमाओं की ओर इशारा कर उनको लैंड माफिया कहा था। आजम खां ने कहा था कि यहां पर जो मूर्तियां उंगली उठाए खड़ी हैं, वो कह रही हैं कि जहां पर मैं खड़ा हूं यह जमीन तो मेरी है ही। सामने वाला प्लाट भी मेरा है। बृज लाल ने कहा कि अखिलेश यादव उस दौरान आजम खां के इस बयान पर तालियां बजा रहे थे।

उत्तर प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष बृजलाल ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने माफिया तथा अपराधियों पर अपना शिकंजा जा कस दिया है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी आतंकवादियों के केस वापस लेने का काम करती है। उन्होंने कहा कि माफिया को हर स्तर पर मदद करने वाली समाजवादी पार्टी का चरित्र ही दोहरा है। माफिया की पार्टी तो आतंकियों को शरण देती है और इसके नेता संविधान निर्माण में अग्रणी भूमिका में रहे बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर को लैंड माफिया बताते हैं।

## घर से शौच करने गई महिला का शव दूसरे दिन पहाड़ी पर मिला, हत्या की आशंका

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के जंगल महाल ग्राम पंचायत कुमहिया के टढिया पहाड़ पर रविवार की शाम सोच के लिए गई महिला का दूसरे दिन मिला शव, हत्या की आशंका

ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है । थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि कुम्हिया जंगल के टढिया पहाड़ पर रिंका देवी उम्र 28 वर्ष पत्नी बेचन बिन्द निवासी कुम्हिया जंगल महाल का शव बरामद हुआ । मृतका के मायके वालों का आरोप है कि रिंका की हत्या कर शव को घर से लगभग 4 किलोमीटर दूर कुमहिया के जंगल में फेंक दिया गया है । बताया जाता मृतका का पति बेचन मुंबई में नौकरी करता है ।घर पर रिंका अपनी सांस एवं बच्चों के साथ रहती है । परिजनों ने बताया कि रिंका रविवार की शाम को शौच करने के लिए घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई रात में ही परिजनों ने खोजबीन किया लेकिन पता नहीं चल पाया ।

मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम ,फॉरेंसिक टीम ने भी घटना की जांच पड़ताल किया लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका के गले एवं पेट पर निशान है ।संभावना है कि गला दबाकर हत्या की गई है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा । घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं व्याप्त है।

## अबकी बार यूपी में बनेगी रालोद की सरकार : बाबा हरदेव सिंह

मुरादाबाद। अमरोहा के गजरौला में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बाबा हरदेव सिंह ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी कमर कस लें। क्योंकि इस बार रालोद की सरकार बनेगी। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर भी पार्टी को मजबूत किया जाएं। मुख्य संगठन व सभी प्रकोष्ठ के संगठनों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय संगठन महासचिव ने कहा कि भाजपा की सरकारों में महंगाई आसमान छू रही है। वर्ष 2022 में युवा व किसान भाजपा को सत्ता से बेदखल कर राष्ट्रीय लोकदल की सरकार बनाएंगे। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशफांक अली खां, जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, प्रदेश महासचिव रामवीर सिंह, मनवीर चिकारा, पूर्व जिपं अध्यक्ष पति चौधरी भूपेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक हरपाल सिंह, कपिल चंद्रा, मेहंदी हसन मंसूरी, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बम बम बोल रहा है काशी! स्कूलों में हुआ फैंसी ड्रेस कंपटीशन

प्रखर वाराणसी। विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन माह को समारोह पूर्वक मनाने के लिए बेसिक शिक्षा परिषद वाराणसी के अंतर्गत संचालित समस्त परिषदीय विद्यालयों में 1 दिसंबर से लेकर के 11 दिसंबर तक विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 दिसंबर को प्रतियोगिता के बच्चो के बीच फैंसी ड्रेस कंपटीशन का आयोजन किया गया।



शिव पार्वती पर आधारित फैंसी ड्रेस कंपटीशन मे बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित समस्त विद्यालयो मे बच्चो के बीच कराई गई।

चोलापुर ब्लाक मे आज विभिन्न विद्यालयो मे बच्चो ने जब शिव पार्वती रूप धरा तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। फैंसी ड्रेस कंपटीशन प्राथमिक विद्यालय धरसौना, गौरा उपरवार, शहडीह, खरदहा चुमकुनी छीतमपुर आदि के साथ साथ कम्पोजिट विद्यालय चोलापुर, महदां, लश्करपुर, मोलनापुर आदि विद्यालयों पर भव्य रूप मे कराया गया। शिक्षक संकुल ज्योति प्रकाश ने बताया कि इस कंपटीशन मे विद्यालय स्तर पर विजेता बच्चों की प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर कराई जाएगी तथा वहां से विजेता होने पर बच्चों को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा। जो बच्चे जिला स्तर पर विजेता घोषित किए जाएंगे उन्हें बाबा विश्वनाथ के दर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

## पीएम की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने शाहजहांपुर आ सकते है सीएम

शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शहर आ सकते हैं। वह यहां रोजा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 18 दिसंबर की प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों को देखेंगे। हालांकि अभी मुख्यमंत्री का कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं आया है। मुख्यमंत्री रोजा में प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण करने के बाद प्रशासन व पार्टी पदाधिकारियों के साथ अलग-अलग बैठक भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजा रेलवे मैदान में सभा होनी है। जहां वह गंगा एक्सप्रेस वे व जलालाबाद में हवाई पट्टी सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। जिसको लेकर प्रशासन के साथ-साथ पार्टी पदाधिकारी भी तैयारियों में जुट गए हैं। डीएम इंद्र विक्रम सिंह ने अधिकारियों के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां पर सफाई कराने के साथ ही मैदान को समतल कराने के निर्देश दिए। इससे पहले 18 जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री ने इसी मैदान में किसान रैली की थी।

## कार की टक्कर से बाइक सवार बच्ची समेत तीन की मौत, तेरवहीं से लौट रहा था परिवार

सुलतानपुर। सुलतानपुर में बल्दीराय के पारा बाजार चौराहे के निकट तेज रफ्तार ब्रेजा कार की टक्कर से बाइक सवार एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार खाईं में जा गिरी। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। कुड़वार निवासी विनोद कुमार अपनी बुआ पुष्पा, बुआ की नतिनी आरती व अमृता के साथ अमेठी के चांदीपुर गांव में तेरवहीं के निमंत्रण में गए थे। सोमवार तड़के विनोद सभी को बाइक पर बैठाकर घर की ओर आ रहे थे। पारा बाजार की कुछ दूरी पर चक्कारीभीट गांव के पास पहुंचे ही थे कि सुलतानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि बाइक कुछ दूर जा गिरी और सभी एक पेड़ से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ओवर स्पीड कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मौजूद खाईं में पलट गई। हादसे में विनोद व पुष्पा की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीण जमा हो गए। घायल आरती को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। वहीं दो वर्षीय अमृता बाल-बाल बच गई।

**10 साल से मायके में रह रही थी पुष्पा:** पुष्पा की शादी पांचोपीरन में हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते वह दस साल से अपने मायके निषाद बस्ती भंडरा में रह रही थी। उनके दो बेटे अमरनाथ, रामजनक व दो बेटियां संगीता व मनोरमा हैं। संगीता की शादी प्रेमचंद्र निवासी राईबीगो पांडेयबाबा मोतिगरपुर के साथ हुई है। प्रेमचंद्र दिल्ली में रहते हैं। इन दिनों संगीता अपनी दो बेटियों अमृता व आरती के साथ अपने मायके भंडरा आई थी। जिद करने पर पुष्पा रविवार को अपनी दोनों नातिनों को लेकर निमंत्रण में गई थी। क्षतिग्रस्त कार में शराब की बोतलें बरामद हुई हैं, जिससे नशे में वाहन चलाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। कार में चालक के अलावा कुछ और लोग बैठे थे, जिन्हें पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## कारोबारी के मकान से पचास लाख की चोरी, सीसीटीवी में कैद हुए चोर

मेरठ। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के श्याम नगर में व्यापारी के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 14 लाख की नगदी सहित करीब 3500000 रुपए का जेवरात चोरी कर लिये। व्यापारी परिवार के साथ कुल्लू मनाली घूमने के लिए गया था। श्यामनगर निवासी दिलशाद अहमद का बिजली के उपकरण बनाने का कारोबार है। उपकरण बिजली विभाग की हाईडिल में सप्लाई होता है। दिलशाद शुक्रवार को स्वजनो के साथ कुल्लू मनाली घूमने के लिए गया था। सोमवार की सुबहा वापस लौटा तो मेनगेट का ताला खोलकर अंदर घुसे तो तीन कमरो के ताले टूटे पडे थे। कमरे मै रखी पांच सेफ अलमारी का सामान बिखरा पडा था। उपरी मंजिल पर रखी सैफ से 14 लाख कि नगदी। करीब 40 लाख का जेवर गायब था जो जेवर बेटे बेटी की शादी के लिए एकत्र किया गया था।

## गोरखपुर ने गाजीपुर को हराकर ट्राफी पर जमाया कब्जा

दोहरीघाट, मऊ। विक्ट्री इंटर कालेज के मैदान मे खेली जा रही स्व रामानन्द राय स्मृति राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच मे सेंट एन्ड्रूज गोरखपुर ने गाजीपुर को 1-0से हराकर चमचमाती ट्राफी पर कब्जा जमाया फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय व मैच के समापन के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय उर्फ राजू राय रहे। जो खिलाड़ीयो से परिचय प्राप्त कर गेद को किक मारकर मैच का शुभारंभ कराया। फाइनल मुकाबले मे दोनो टीमो की टक्कर काटे की रही तथा मैच के पहले हाफ मे गोरखपुर को एक पेनाल्टी कार्नर भी मिला लेकिन गोल मे तब्दील नही हो सका। हाफ टाइम तक दोनो टीम एक भी गोल नही कर सकी हाफ टाइम के दसवें मिनट मे गोरखपुर के 15 नम्बर जर्सी के खिलाड़ी सुनील ने खुबसुरत मैदानी गोल मारकर अपनी टीम को 1-0 से बढत दिला दी जो अन्त तक कायम रही। गाजीपुर की टीम लगातार गोरखपुर पर दबाव बनाये रही लेकिन एक गोल नही कर सकी। इस तरह गोरखपुर की टीम 1-0 से मैच जीतकर विजेता बनी फाइनल मैच के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय उर्फ राजू राय व विशिष्ट अतिथि डा फैजान अहमद ने विजेता व उप



विजेता टीम को स्व रामानन्द राय राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता की ट्राफी सौंपी मैच के मैन ऑफ दी मैच गोरखपुर के खिलाड़ी विनोद रहे तथा मैन ऑफ दी सीरीज गाजीपुर के अमीत रहे।मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल के विना जीवन अधुरा है इस आयोजन से क्षेत्र की प्रतिभाओ को उभरने का मौका मिलेगा जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह आयोजन इतना शानदार है। इस खेल से मन व मष्तिष्क दोनो स्वस्थ रहता है। आयोजक प्रधानाचार्य डा शाश्वतानन्द पांडेय व प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार राय ने सभी आगन्तुको के प्रति आभार जताया। मैच के कमेंटेटर मुन्ना शाही गोरखपुर रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गोविन्द यादव, सर्वेश राय, झारखण्डेय राय, बिजेन्द्र राय, राम जी राय, अजीत राय, चिन्टु राय, श्रीधर राय, शैलेन्द्र राय, देवेन्द्र शाही, प्रतीक राय, राजेश राय, नन्हे राय, हरिनारायण राय, रविशंकर पाण्डेय, मनोज राय, तुलसी मिश्रा, अजय राय सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## सैकड़ों लोगों ने ग्रहण की कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

मऊ। मोहम्मदाबाद गोहना विधानसभा की संभावित प्रत्याशी अनिता गौतम व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग विनय गौतम के नेतृत्व में ग्राम सभा खानपुर के रविदास मंदिर के प्रांगण में महा सदस्यता अभियान का कैंप लगाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्वी जोन के प्रभारी संघर्षों के पर्याय विश्व विजय सिंह रहे। उनकी उपस्थिति में अनिता गौतम व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग विनय गौतम के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। उनके साथ ही दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान जिनमें प्रमुख रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य बिंदु कनौजिया, सुरेश गुप्ता, उमेश कुमार भारती आदि लोग थे। इस दौरान विश्व विजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, बुनकरों की समस्या प्रमुख मुद्दे हैं। इस प्रदेश में हत्या, बलात्कार की घटनाएं आसमान छू रही हैं। इन मुद्दों पर केवल कांग्रेस पार्टी जमीन पर संघर्ष कर रही है समाजवादी पार्टी बहुजन समाज पार्टी सरकारी



जांच एजेंसियों से डरी हुई हैं और घर से बाहर नहीं निकल रही हैं। अनिता गौतम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार प्रदेश की योगी सरकार दलित विरोधी है। प्रतिदिन महिलाओं के साथ अभद्रता, बलात्कार, उत्पीड़न की घटनाएं घट रही हैं हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। विनय कुमार गौतम ने कहा कि हमारा दलित समाज आज कांग्रेस पार्टी के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। आने वाले समय में निश्चित ही बहन प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। इस दौरान अनिल कुमार राय उर्फ बबलू राय, ब्रह्मानंद पांडे, प्रदीप तिवारी, राहुल कनौजिया, अमित कुमार चैबे, बिंदु कनौजिया, सुरेश गुप्ता, उमेश कुमार भारती, संतोष राय, हरेंद्र राम, मिथिलेश पांडे, जसवंत यादव, जसवंत उपाध्याय आदि लोग उपस्थित थे। संचालन पूर्व उपाध्यक्ष को संगठन प्रभारी अनिल कुमार और बबलू राय ने किया।

# तीसरे दिन ही मिली जीत की सुगंध

## भारत सीरीज जीत से पांच विकेट दूर तो न्यूजीलैंड को चाहिए 400 रन



मुंबई। भारत ने अपने शीर्ष बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से अपनी दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन पर घोषित कर न्यूजीलैंड के सामने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतने के लिए 540 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रख दिया जिसका पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन रविवार को स्टंप्स तक अपने पांच विकेट खोकर 140 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड को जीत के लिए अभी 400 रन की जरुरत है जबकि भारत को टेस्ट और सीरीज जीतने के लिए पांच विकेट की जरूरत है।

भारत ने तीसरे दिन रविवार को बिना कोई विकेट खोये 69 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी सात विकेट पर 276 रन बनाकर घोषित कर दी। भारत को पहली पारी में 263 रन की बढ़त हासिल थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने टॉम लाथम को 13 और विल यंग को 45 के स्कोर पर गंवाया। लाथम ने छह और यंग ने 20 रन बनाए। दोनों को अश्विन ने पवेलियन भेजा। अनुभवी बल्लेबाज टॉस टेलर ने आते ही हड़बड़ाहट दिखाई और एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अश्विन की गेंद को ऊंचा खेल गए जिस पर पुजारा ने आसान कैच लपक लिया। अश्विन का यह दूसरी पारी में तीसरा विकेट रहा। डेरिल मिचेल और हेनरी निकोल्स ने चौथे विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। मिचेल को अक्षर पटेल ने जयंत के हाथों कैच कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। मिचेल ने 60 रन और टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना आउट। स्टंप्स के समय निकोल्स ने 36 और रचिन रवींद्र दो रन बनाकर क्रीज पर हैं। भारत की तरफ से अश्विन तीन विकेट और अक्षर ने एक विकेट लिया। मयंक अग्रवाल और शुभमन गिल दूसरे और तीसरे दिन मैदान पर लगी चोटों के कारण न्यूजीलैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे।

### चौथी बार कैलेंडर ईयर में 50 से अधिक विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने रविचंद्रन अश्विन

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन तीन विकेट लेने के साथ दिग्गज अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया। दरअसल अश्विन एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक बार 50 प्लस टेस्ट विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन चौथी बार कैलेंडर ईयर में 50 या इससे अधिक विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने इससे पहले 2015, 2016 और 2017 में यह रिकॉर्ड कायम किया था। अनिल कुंबले (1999, 2004, 2006) ने यह कारनामा तीन बार किया है जबकि ऑफ स्पिनर हरभजन भी (2001, 2002, 2008) तीन बार एक कैलेंडर ईयर में 50 प्लस टेस्ट विकेट हासिल कर चुके हैं। दिग्गज कपिल देव ने (1979, 1983) दो बार यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन इस साल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने पाक के पेसर शाहीन शाह अफरीदी को पीछे छोड़ दिया।

### एजाज भारत के खिलाफ एक टेस्ट में 14 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

पहली पारी में टीम इंडिया के सभी 10 विकेट चटकाने वाले कीवी टीम के गेंदबाज एजाज पटेल ने दूसरी पारी में भी चार विकेट हासिल किए। एजाज पटेल दुनिया के पहले गेंदबाज हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ एक टेस्ट में 14 विकेट हासिल किए। इस मामले में उन्होंने इयान बॉथम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। एजाज पटेल के अलावा दुनिया के जिन गेंदाबाजों ने भारत के खिलाफ एक टेस्ट में सबसे ज्याद विकेट लिए हैं उनमें इयान बाथम 106 रन देकर 13 विकेट , स्टीव ओ कीफे 70 रन देकर 12 विकेट, फजल महमूद 94 रन देकर 12 विकेट, एंडी रॉबट्‌र्स 121 रन देकर 12 विकेट, एलन डेविडसन 124 रन देकर 12 विकेट हासिल किए। कुल मिलाकर दुनिया भर में 37 ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ एक टेस्ट में 10 या उससे अधिक विकेट लेने का करिश्मा किया है।

### भारत ने 276 रन पर घोषित की दूसरी पारी

इससे पहले मयंक अग्रवाल ने 38 और चेतेश्वर पुजारा ने 29 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। मयंक 62 रन बनाकर एजाज का 11वां शिकार बने। मयंक और पुजारा ने ओपनिंग साझेदारी में 107 रन जोड़े। मयंक के आउट होने के आठ रन बाद पुजारा (47 रन) को भी एजाज ने पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद शुभमन गिल और कप्तान विराट कोहली ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। गिल अच्छा खेल रहे थे लेकिन रचिन रवींद्र की गेंद पर टॉम लेथम को कैच थमा बैठे। गिल ने 47 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने मात्र 14 रन बनाए कप्तान विराट ने 36 रन बनाए और रवींद्र की गेंद को स्टंप्स पर खेल गए। आलराउंडर अक्षर पटेल 26 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। जयंत यादव (6) का एजाज को कैच थमाते ही विराट ने भारत के सात विकेट पर 276 रन पर पारी घोषित कर दी।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी 325 रन)
न्यूजीलैंड (पहली पारी 62 रन)

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक अग्रवाल कै. यंग बो. एजाज | 62 | 108 | 9 | 1 |
| चेतेश्वर पुजारा कै. टेलर बो. एजाज | 47 | 97 | 6 | 1 |
| शुभमन गिल कै. लाथम बो. रविंद्र | 47 | 75 | 4 | 1 |
| विराट कोहली बो. रविंद्र | 36 | 84 | 1 | 1 |
| श्रेयस कै. ब्लंडल बो. एजाज | 14 | 08 | 0 | 2 |
| साहा कै. जेमीसन बो. रविंद्र | 13 | 12 | 2 | 0 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 41 | 26 | 3 | 4 |
| जयंत यादव कै. एवं बो. पटेल | 06 | 11 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त**: 10, **कुल**: 70 ओवर में 7 विकेट खोकर 276 रन पर पारी घोषित **विकेट पतन**: 1-107, 2-115, 3-197, 4-211, 5-217, 6-238, 7-276, **गेंदबाजी**: टिम साउदी 13-2-31-0, एजाज पटेल 26-3-106-4, जेमीसन 8-2-15-0, समरविल 10-0-59-0, रचिन रविंद्र 13-2-56-3,

| न्यूजीलैंड दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा अश्विन | 06 | 15 | 1 | 0 |
| विल यंग कै. सूर्यकुमार बो. अश्विन | 20 | 41 | 4 | 0 |
| डैरिल कै. जयंत बो. अक्षर पटेल | 60 | 92 | 7 | 2 |
| रॉस टेलर कै. पुजारा बो. अश्विन | 06 | 08 | 1 | 0 |
| हेनरी निकोल्स नाबाद | 36 | 86 | 7 | 0 |
| टॉम ब्लंडल रन आउट | 00 | 06 | 0 | 0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 02 | 23 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त**: 10, **कुल**: 45 ओवर में पांच विकेट पर 140 रन **विकेट पतन**: 1-13, 2-45, 3-55, 4-128, 5-129 **गेंदबाजी**: सिराज 5-2-13-0, अश्विन 17-7-27-3, अक्षर पटेल 10-2-42-1, जयंत यादव 8-2-30-0, उमेश यादव 5-1-19-0,

# अर्जेंटीना ने 16 साल बाद जीता जूनियर हॉकी विश्व कप खिताब

## डोमेन की शानदार हैट्रिक के दम पर जर्मनी को 4-2 से हराया



भुवनेश्वर। लौटारो डोमेन की शानदार हैट्रिक के दम पर अर्जेंटीना ने छह बार के विश्व चैंपियन जर्मनी को कलिंगा स्टेडियम में 4-2 से हराकर 16 साल के लम्बे अंतराल के बाद जूनियर विश्व कप हॉकी खिताब जीत लिया। अर्जेंटीना ने दूसरी बार यह खिताब जीता है।

अर्जेंटीना ने पहली बार 2005 में हॉलैंड के रोटर्डम में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से पराजित कर खिताब जीता था और इस बार उसने जर्मनी को चौंका दिया। दिलचस्प तथ्य है कि भारत 2005 में चौथे स्थान पर रहा था और इस बार भी उसे चौथा स्थान मिला। डोमेन में 10वें, 25वें और 50वें मिनट में पेनल्टी कार्नर पर गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की। अर्जेंटीना का एक अन्य गोल फ्रांको अगस्तिनी ने मैच के आखिरी यानी 60वें मिनट में किया। जर्मनी के दो गोल जूलियस हेनर ने 36वें और मैसी फेन्ड्ट ने 47वें मिनट में किया। जर्मनी ने 47वें मिनट के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन अर्जेंटीना ने 50वें और 60वें मिनट में दो गोल दागकर खिताब अपने नाम किया।

### भारत ने चौथे स्थान पर समाप्त किया अपना अभियान

इससे पहले भारत ने फ्रांस से 1-3 से हारने के बाद अपना अभियान चौथे स्थान पर समाप्त किया। टिमोथी क्लेमेंट की शानदार हैट्रिक की बदौलत फ्रांस ने टूर्नामेंट में लगातार दूसरी बार भारत को पछाड़ा और तीसरे स्थान पर कब्जा किया। दोनों ही टीमों ने पहले क्वॉर्टर में कड़ी चुनौती पेश करते हुए एक-दूसरे को एक भी गोल नहीं करने दिया। तीसरा क्वार्टर में टिमोथी क्लेमेंट ने 26वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर फ्रांस को 1-0 से बढ़त दिलाई। चौथे क्वार्टर में भारत के लिए सुदीप चिरमाको ने 42वें मिनट में शानदार फील्ड गोल दागते हुए भारत का खाता खोला लेकिन टिमोथी ने 47वें मिनट में एक और गोल दाग कर भारत की मैच में वापस आने की उम्मीद को कम कर दिया। इसके बाद कोई गोल नहीं हुआ और परिणामस्वरूप फ्रांस 3-1 से विजयी घोषित हुआ।

# 13 दिसंबर से एनसीए प्रमुख का पदभार संभालेंगे वीवीएस लक्ष्मण

## बीसीसीआई की कोलकाता में हुई सालाना बैठक में हुआ तय



कोलकाता। भारत के पूर्व बल्लेबाज और मौजूदा समय में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे वीवीएस लक्ष्मण 13 दिसंबर से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख का पदभार संभालेंगे।

उनके साथ एनसीए के अन्य कोचों की भी नियुक्ति होगी, जिनका नाम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की कोलकाता में हुई सालाना बैठक में तय हुआ। लक्ष्मण के साथ ट्रॉय कूली एनसीए में गेंदबाजी कोच होंगे। उनके ऊपर भारत की नई पीढ़ी के तेज गेंदबाजों को तैयार करने की जिम्मेदारी होगी। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी के अनुसार लक्ष्मण ने पहले ही कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर कर दिया है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कॉमेंट्री करने के बाद 13 दिसंबर से एनसीए ज्वाइन करेंगे। लक्ष्मण की तात्कालिक जिम्मेदारी वेस्टइंडीज में अगले साल होने वाली अंडर-19 विश्व कप में भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों को तैयार करने की होगी। कोरोना के कारण पिछले साल से ही अंडर-19 खिलाड़ियों का घरेलू क्रिकेट प्रभावित हुआ है। लक्ष्मण को अब मुख्य खिलाड़ियों को पहचान करना होगा, जो कि जनवरी-फरवरी में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए प्रबल दावेदार हों। वह अंडर-19 टीम के साथ वेस्टइंडीज की यात्रा भी कर सकते हैं। वहीं एनसीए से ही जुड़े सितांशु कोटक या हृषिकेश कानितकर अंडर-19 टीम के मुख्य कोच के रूप में जुड़ेंगे। कोटक फिलहाल इंडिया ए टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका गए हैं।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने की जीत के साथ शुरुआत

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: थाईलैंड को 13-0 से रौंदा



नई दिल्ली। ड्रैगफ्लिकर गुरजीत कौर के पांच गोलों की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम ने यहां रविवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में थाईलैंड को 13-0 से रौंदा।

शीर्ष गोल स्कोरर रही गुरजीत ने मैच के दूसरे मिनट में थाईलैंड द्वारा किए गए फाउल से मिले पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए गोल दाग कर भारत को 1-0 से शुरुआती बढ़त दिलाई, जिसने थाईलैंड को बैकफुट पर खड़ा कर दिया। विपक्षी टीम वापसी की कोशिश कर ही रही थी कि वंदना कटारिया ने सातवें मिनट में दूसरा गोल करके थाईलैंड पर दबाव बढ़ा दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले लिलिमा मिंज, गुरजीत और ज्योति ने तीन और गोल करते हुए बढ़त को 5-0 कर दिया। लिलिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल किया, जबकि गुरजीत और ज्योति ने क्रमशः 14वें और 15वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला। दूसरे क्वॉर्टर की शुरुआत भी अच्छी हुई। भारत ने मैच के 16वें मिनट में युवा खिलाड़ी राजविंदर कौर, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पदार्पण किया, ने फील्ड गोल दागा। वहीं 24वें मिनट में गुरजीत ने अपना तीसरा गोल किया और लिलिमा ने भी 24वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत यहीं नहीं रुका। इस बीच गुरजीत ने थाईलैंड के डिफेंस को भेदते हुए 25वें मिनट में ,ज्योति ने 36वें मिनट में, सोनिका ने 43वें मिनट में, मोनिका ने 55वें मिनट में और इसके तीन मिनट बाद गुरजीत ने गोल कर भारतीय टीम को जीत दिलाई।

# ला लिगा : रीयाल मैड्रिड की लगातार आठवीं जीत

## सोसिडाड को 2-0 से हराया, विनिसियस व जोविच ने दागे गोल



बार्सिलोना। रीयाल मैड्रिड ने करीम बेंजेमा के चोटिल होने के बावजूद विनिसियस जूनियर और लुका जोविच के गोल की मदद से रीयाल सोसिडाड को 2-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

विनिसियस और जोविच ने दूसरे हाफ के शुरू में गोल करके रीयाल मैड्रिड को सभी प्रतियोगिताओं में लगातार आठवीं जीत दिलायी। इससे वह अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी सेविला से आठ अंक आगे हो गया है। रीयाल मैड्रिड की जीत से पहले एटलेटिको मैड्रिड और बार्सिलोना को अपने घरेलू मैचों में हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड को मालोर्का ने 2-1 से हराया। इस हार के बाद वह रीयाल मैड्रिड से 10 अंक पीछे चौथे स्थान पर खिसक गया है। बार्सिलोना तो अपने चिर प्रतिद्वंद्वी रीयाल मैड्रिड से 16 अंक पीछे है। उसे रीयाल बेटिस ने 1-0 से पराजित किया। झावी हर्नाडेज के कोच बनने के बाद बार्सिलोना की यह पहली हार है। बेटिस इस जीत से सेविला के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। सेविला ने एक अन्य मैच में विल्लारीयाल को 1-0 से हराया।

### ईपीएल : शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

लंदन। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी ने वाटफोर्ड पर 3-1 की आसान जीत तथा चेल्सी की वेस्ट हैम के हाथों 3-2 से हार से ईपीएल फुटबॉल प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पहले चेल्सी शीर्ष पर काबिज था लेकिन अब सिटी 15 मैचों में 35 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। चेल्सी के 15 मैचों में 33 अंक हैं और वह लिवरपूल (15 मैचों में 34 अंक) के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया है। सिटी ने वाटफोर्ड के खिलाफ दबदबे वाला प्रदर्शन किया। उसकी तरफ से बर्नांडो सिल्वा ने दो और रहीम स्टर्लिंग ने एक गोल किया। सिटी की यह लीग में लगातार पांचवीं जीत है।

### शूटिंग चैम्पियनशिप : मप्र अकादमी की श्रुति, शरण्या व मनताशा 50 मीटर की होड़ में शामिल

भोपाल। 64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैम्पियनशिप-2021 में रविवार को महिला खिलाड़ियों ने क्वॉलीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन किया। मप्र की श्रुति परिहार, शरण्या लाखन, मनताशा अकील, याना राठौर, अश्लेषा सप्रे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने वर्ग में क्वॉलिफिकेशन में अच्छा प्रदर्शन किया। चैम्पियनशिप का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग एवं भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ के संयुक्त तत्वावधान में मप्र शूटिंग अकादमी बिसनखेड़ी में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जा रहा है। मप्र अकादमी की श्रुति परिहार ने 50 मीटर रायफल थ्री पोजिशन महिला वर्ग में 1147 अंकों के साथ चौथा स्थान बना रखा है। इस वर्ग में पहले स्थान पर आईटीबीपी की चेतना राही 1158 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। मप्र की शरण्या लाखन 1128 अंकों के साथ आठवें, मनताशा अकील 1117 अंकों के साथ 15वें, याना राठौर 1114 अंकों के साथ 20वें और अश्लेषा सप्रे 1109 अंकों के साथ 21वें स्थान पर है। महिला वर्ग की 50 मीटर थ्री पोजिशन रायफल शूटिंग के फाइनल मुकाबले सोमवार को खेले जाएंगे।

### एशेज सीरीज : कमिंस ने की पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई एकादश की पुष्टि

ब्रिस्बेन। टिम पेन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के कप्तान बनाए गए पैट कमिंस ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पहले टेस्ट मैच के लिए प्लेइंग इलेवन (एकादश) की पुष्टि कर दी है। कमिंस ने रविवार को गाबा में बुधवार से शुरू होने वाले पहले एशेज टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन की घोषणा करते हुए बताया कि पांचवें नंबर पर ट्रेविस हेड बल्लेबाजी करेंगे, जबकि गेंदबाजी आक्रमण में मिचेल स्टार्क को जगह मिली है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने अभी प्लेइंग इलेवन का खुलासा नहीं किया है। रूट ने कहा, हमें पूर्वानुमान देखना होगा कि अगले कुछ दिनों में यह पिच कैसे बदलती है, लेकिन यह स्पिन खेलने के लिए बेहतरीन जगह है। **ऑस्ट्रेलियाई टीम**: पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ (उप कप्तान), मार्कस हैरिस, डेविड वार्नर, मार्नस लाबुशाने, ट्रैविस हेड, कैमरोन ग्रीन, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

# डेविस कप फाइनल में पहुंचा रूस

मैड्रिड। आंद्रे रूबलेव और डेनिल मेदवेदेव की एकल मैचों में जीत से रूस ने जर्मनी को 2-1 से हराकर डेविस कप टेनिस प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनायी।

रूबलेव ने पहले एकल मैच में डोमिनिक कोफर को 6-4, 6-0 से हराया जिसके बाद मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 6-4 से हराकर रूस की जीत सुनिश्चित की। जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज ने असलान करात्सेव और कारेन खाचनोव को युगल मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाये। रूस फाइनल में क्रोएशिया का सामना करेगा जिसने नोवाक जोकोविच की अगुवाई वाले सर्बिया को हराया। रूस और क्रोएशिया अपने तीसरे डेविस कप खिताब के लिये एक दूसरे का सामना करेंगे।

# डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने जीता खिताब



दुबई। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर्स में शुमार आंद्रे रसेल की 90 रन की तूफानी पारी की बदौलत डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने यहां शनिवार को फाइनल मुकाबले में दिल्ली बुल्स को 56 रन से हरा कर टी-10 लीग 2021-22 खिताब जीत लिया। ग्लेडिएटर्स टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरा। सलामी बल्लेबाज आंद्रे रसेल और कोहलर कैडमोर ने मिल कर निर्धारित 10 ओवर में 159 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जो टूर्नामेंट के इस संस्करण और इतिहास का सर्वाधिक टीम स्कोर है। बल्लेबाजी में प्रभावशाली रहने के बाद ग्लेडिएटर्स ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया और दिल्ली बुल्स को 10 ओवर में सात विकेट पर 103 रन पर समेट दिया। रसेल ने 32 गेंदों पर 90 रन की नाबाद और आतिशी पारी में नौ और सात छक्के जड़े, जबकि कैडमोर ने 59 रन की विस्फोटक पारी खेली।

### चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से हटे पोलार्ड

सेंट जोंस। वेस्टइंडीज के कप्तान कीरोन पोलार्ड ने टी20 विश्वकप में लगी हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर नहीं उबरने के कारण पाकिस्तान के आगामी दौरे से रविवार को हटने का फैसला किया। पोलार्ड की जगह वनडे टीम में डेवोन थॉमस लेंगे जबकि टी20 में उनकी जगह आल राउंडर रोवमैन पॉवेल को शामिल किया जायेगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि जनवरी 2022 में आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी घरेलू दौरों से पहले उनकी चोट का आकलना किया जायेगा। वेस्टइंडीज को 13 से 22 दिसंबर तक कराची नेशनल स्टेडियम में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने हैं।

### पाक-बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे टेस्ट में बारिश का खलल

ढाका। पाक और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल भी बारिश और खराब रोशनी से प्रभावित रहा और रविवार को सिर्फ 38 गेंद का खेल संभव हो सका। बारिश के कारण पहला सत्र पूरी तरह से धुल गया । स्थानीय समय के मुताबिक दोपहर 12 बजकर 50 मिनट पर दिन का खेल शुरू हुआ लेकिन अभी 6.2 ओवर ही फेंके गए थे की बारिश ने फिर से मैच में खलल डाल दिया।

# सिंधू को रजत से करना पड़ा संतोष

## बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स : सियंग ने जीता खिताब



बाली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू को रविवार को यहां खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की आन सियंग से सीधे गेम में हारने के कारण बीडब्ल्यूएफ विश्वटूर फाइनल्स में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

सिंधू को सियंग ने मात्र 39 मिनट में 21-16, 21-12 से हराकर खिताब जीत लिया। कोरिया की युवा खिलाड़ी इस खिताब को जीतने वाली कोरिया की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। सियंग ने इस जीत के साथ मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-0 पहुंचा दिया है। सियंग के लिए बाली में तीन सप्ताह काफी यादगार रहे हैं। उन्होंने बाली में तीन सप्ताह के अंदर तीन खिताब जीते हैं। 26 वर्षीय सिंधू तीसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने उतरीं लेकिन 2018 में यहां जीते अपने खिताब का बचाव नहीं कर पायीं। सिंधू ने इससे पहले सेमीफाइनल में जापान की अकाने यामागुची को तीन गेमों के संघर्ष में पराजित किया था लेकिन वह उस फॉर्म को फाइनल में नहीं दोहरा सकीं। यह तीसरा अवसर था जबकि सिंधु टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। वह 2018 में खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय बनी थी।

# बीसीसीआई की बैठक में विराट की वनडे कप्तानी पर होगा फैसला

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय चनयकर्ता इस सप्ताह के अंत में टीम इंडिया का चयन करेंगे। इस दौरे के लिए भारतीय टीम में 20 से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका मिलने की संभावना है। आगामी दौरे के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता जब क्रिकेट टीम के चयन के लिए बैठक करेंगे तो विराट कोहली की वनडे कप्तानी, अजिंक्य रहाणे के टेस्ट उपकप्तान बने रहने और टीम में इशांत शर्मा की जगह को लेकर भी इस मीटिंग में चर्चा होगी।

भारत के चयनकर्ता चेतन शर्मा अबे कुर्विला और सुनील जोशी वानखेड़े में टेस्ट मैच देख रहे हैं। ये तीनों बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह के साथ मिलकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। भारतीय क्रिकेट के भविष्य पर इन फैसलों का बड़ा असर हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका के दौरे में भारत को तीन वनडे मैच भी खेलने हैं और बड़ा सवाल है कि भारत टी-20 और वनडे के अलग-अलग कप्तान चाहता है या रोहित को वनडे की कप्तानी दी जाएगी। रोहित पहले ही टी-20 टीम के कप्तान हैं और 2023 वर्ल्डकप को देखते हुए बीसीसीआई के कई अधिकारी चाहते हैं कि उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी बनाया जाए।

# भारतीय क्रिकेट टीम का अफ्रीका दौरा होगा छोटा, कार्यक्रम में हुए बदलाव

भारतीय क्रिकेट टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा हागा लेकिन कार्यक्रम में कुछ बदलाव किये गए हैं जिसके तहत टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच अभी नहीं खेले जायेंगे और टीम की रवानगी भी एक सप्ताह के लिये टाल दी गई है। दोनों बोर्ड ने कोरोना वायरस के नये वैरिएंट के आने के बाद इस दौरे को लेकर लग रही अटकलों पर विराम देते हुए शनिवार को यह घोषणा की। भारतीय टीम अब तीन टेस्ट और तीन वनडे खेलेगी और दक्षिण अफ्रीका नये कार्यक्रम के अनुसार स्थलों की घोषणा अगले 48 घंटे में करेगा। टीम को चार टी20 मैच भी खेलने थे जो अब बाद में खेले जायेंगे। भारतीय टीम को पहले नौ दिसंबर को रवाना होना था लेकिन अब यात्रा के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है जिसके मायने हैं कि पहला टेस्ट मूल कार्यक्रम के अनुसार 17 दिसंबर से जोहानिसबर्ग में नहीं हो सकेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों की सालाना आम सभा की बैठक के लिये हुई मुलाकात के बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह और सीएसए ने यह बयान दिया। शाह ने बयान में कहा,भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका दौरा नयी तारीखों और कार्यक्रम के तहत होगा।

# किशोर-किशोरियों की जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान कर रहा साथिया एप

प्रखर मिजार्पुर। किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलावों के बीच किशोर-किशोरियों (10-19 आयु वर्ग) के मन में तमाम तरह की जिज्ञासाओं और शंकाओं को लेकर अंर्तद्वंद चलता रहता है। उम्र के इस मोड़ पर संकोच और शर्म के चलते वह अपनी मुश्किलों को दूसरों से नहीं कह पाते हैं, ऐसे में कई बार वह गलत रास्तों पर भी चल पड़ते हैं। किशोर-किशोरियां अपनी इन्हीं मुश्किलों का घर बैठे समाधान पा सकें इसको लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत साथिया सलाह मोबाइल एप तैयार किया गया है। इसके उपयोगकर्ता बताते हैं कि यह एप किशोर-किशोरियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं।

## यौन, प्रजनन एवं मानसिक स्वास्थ्य आदि के बारे में मिल रही जानकारी

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत किशोर-किशोरियों के लिए छह प्राथमिकताओं- पोषाहार, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य (एसआरएच), गैर-संचारी बीमारियां (एनसीडी), मादक द्रव्यों का दुरुपयोग, मानसिक स्वास्थ्य, चोट एवं हिसा (जेंडर आधारित हिंसा समेत) को शामिल किया गया है। इस एप के माध्यम से 10-19 आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को किशोरावस्था से जुड़े विषयों पर तकनीकी रूप से सही जानकारी मिलती है, साथ ही विशेषज्ञों द्वारा उनकी शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाता है।

**क्या कहते हैं उपयोगकर्ता** – लालगंज ब्लॉक की पीयर एजूकेटर सुभाषनी का कहना है कि इस एप में शारीरिक बदलाव, मानसिक स्थिति, भावनात्मक परिवर्तन, त्वचा संबंधी समस्या, पोषण आहार, यौन संबंधी, नशा, अधिकार, योजना और जीवन कौशल संबंधी प्रश्नों के समाधान दिए गए हैं, जिससे हमें काफी आसानी हुई है। शर्म और संकोच के चलते हम लोग जिन समस्याओं को दूसरों से साझा नहीं कर पाते हैं, उनकी जानकारी और समाधान हमें इस एप से मिल जाता है। साथिया सलाह मोबाइल एप हम किशोर-किशोरियों की मुश्किलों को दूर कर रहा है। इसके साथ ही किशोरावस्था में होने वाले बदलाव व उससे जुड़ी भ्रांतियों का समाधान महज एक क्लिक में हो रहा है। साथिया एप के माध्यम से किशोर-किशोरियों को उम्र के मुताबिक स्वास्थ्य मुद्दों पर सलाह मिल रही है, साथ ही जीवन कौशल संबंधी प्रश्नों का समाधान व साथिया हेल्पलाइन द्वारा सलाहकारों से जानकारी भी मिल रही है।

**इन समस्याओं को होता है निदान** – कछवां ब्लॉक की अर्श काउंसलर अंजली सिंह का कहना है कि इस एप के माध्यम से चिड़चिड़ापन, धैर्य एवं पढ़ाई में एकाग्रता की कमी, दोस्तों, भाई-बहनों के साथ झगड़ा करना, ज्यादा वक्त घर के बाहर गुजारना, डिप्रेशन, बार-बार बीमार पड़ना, कहना न मानना, बहस करना, झूठ बोलना, बात करने में झिझकना, परिजनों से बात करने में कतराना, छोटी छोटी बातों में घबरा जाना जैसी समस्याओं का निदान करने में आसानी होती है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार** – आरकेएसके के जिला समन्वयक डाक्टर राकेश तिवारी का कहना है कि साथिया सलाह एप के माध्यम से किशोर-किशोरियां अपनी उन समस्याओं का समाधान आसानी से पा रहे हैं, जिन्हें जिन समस्याओं को वह संकोचवश दूसरों से नहीं कह पाते हैं। वह बताते हैं कि स्मार्टफोन पर इसे प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एक अच्छी पहल है, जिससे किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन व भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है।

**एप से मिल रही यह सेवाएं व सलाह** –

- प्रजनन स्वास्थ्य संबंधित परामर्श सेवाएं
- किशोरावस्था के दौरान पोषण समबंधित सलाह
- एनिमिया जांच, उपचार तथा रोकथाम का परामर्श
- माहवारी से संबंधित स्वच्छता एवं समस्याओं के निराकरण पर सलाह एवं उपचार
- प्रजनन तंत्र संक्रमण व यौन जनित रोगों पर परामर्श
- प्रसव पूर्व जांच एवं सलाह
- सुरक्षित गर्भपात हेतु मार्गदर्शन एवं सलाह
- समुचित रेफरल सेवा
- विवाह के सही उम्र की जानकारी के लिए परामर्श व

अन्य रोग एवं समस्याएं ( चर्म रोग, मानसिक तनाव, निराशा, नशापान, घरेलू एवं यौन हिंसा)

## नाबालिक के साथ छेड़खानी, गिरफ्तार गया जेल

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में बीती रात नशे में द्युत होकर 12 वर्षीय नाबालिक के साथ छेड़खानी करने वाले युवक को पुलिस ने सुबह उसे धर दबोचा और जेल भेज दिया। बताया जाता है कि बढ़ौना निवासी इंद्रेश चौहान शराब के नशे में घर जा रहा था तभी घर के बाहर रात्रि 7 बजे खड़ी नाबालिक को देकर रुक गया और उसके साथ अश्ली हरकत करने लगा। जिसपर जब नाबालिक चिल्लाई तो हाथापाई कर वह भाग निकला। जिसपर पिता ने उक्त युवक के खिलाफ सिंधोरा थाने में तहरीर दी। जिसपर पुलिस ने 354 क,504,506 व 7/8 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और आरोपित के तलाश में जुट गई। सोमवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह मय हमराही उसे हिरामनपुर चौराहे के पास उस समय धर दबोचा जब वह कही भागने के फिराक में था।

## वसीम रिजवी की हिन्दू धर्म स्वीकार करने पर हिन्दू नेता रोशन पाण्डेय ने किया स्वागत

### अभी तो शुरूआत है हजारों मुस्लिमों को हिन्दू बनाना है- रोशन पाण्डेय

प्रखर वाराणसी। शिया वक्फ बोर्ड के चेयरमैन वसीम रिजवी ने मुस्लिम धर्म को त्याग कर हिंदू धर्म अपना लिया. .. जिसके बाद कट्टर हिन्दू नेता राष्ट्रीय हिन्दू दल अध्यक्ष रोशन पाण्डेय ने कहां कि पूर्व मुस्लिम धर्मगुरु वसीम रिजवी साहब का हिंदू सनातन धर्म स्वीकार करना स्वागत योग्य है. राष्ट्रीय हिन्दू दल उनका स्वागत करती है. वसीम रिजवी साहब अब हमारे हिंदू सनातन धर्म के अंग है और अब यह हम सभी सनातनी के साथ मिलकर हिंदुत्व की कार्य करेंगे साथ ही इस्लाम जैसे आतंकी समुदाय के विरुद्ध पुरजोर आवाज बुलंद करेंगे।अब कोई भी कट्टरपंथी उनके खिलाफ फतवा जारी करने के लिए दुसाहस ना करें, केंद्र और प्रदेश सरकार उन्हें उचित सुरक्षा मुहैया कराए।



## बैटरी चार्ज करते समय करंट की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के वन इमिलिया निवासी अशोक पुत्र राजाराम उम्र 45 रविवार देर शाम अपने घर में बैटरी चार्ज करते समय करेंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक अपने खेत से घर आया और खाना खाकर अपने कमरे में चला गया उसने अपना घर का बैटरी चार्ज करने के लिए जैसे ही चार्जर लगाया किसी कारणवश करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी मौके पर पपुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बोरी के अभाव में धान की खरीदारी बंद

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। मड़िहान विधानसभा के चौकियां, विकास खण्ड-जमालपुर स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र पर पिछले एक सप्ताह से बोरी के अभाव में धान की खरीदारी बहुत धीमी है या लगभग बंद है। धान क्रय केंद्र पर किसान अपना धान रखकर बोरी का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि इस केंद्र पर धान बेचने के लिए लगभग 700 किसानों ने अपना नंबर लगाया हुआ है,लेकिन धान के खरीदारी की जो स्थिति है,इस तरीके से सभी किसानों का धान खरीदना संभव नहीं है। यदि वाकई में सरकार सारे किसानों का धान इमानदारी से खरीदना चाहती है तो अतिशीघ्र चौकियां केंद्र पर तत्काल प्रर्याप्त मात्रा में बोरी उपलब्ध कराते हुए खरीदारी सुनिश्चित करें।आज धान क्रय केंद्र चौकियां पर बोरी के अभाव में धान की खरीदारी बंद होने के कारण किसानों द्वारा प्रर्दशन किया गया। अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह ने मांग किया गया



कि यदि दो दिन के अंदर बोरी की व्यवस्था कर धान की खरीदारी नहीं प्रारंभ किया गया तो किसान सड़क पर उतरने के लिए मजबूर होंगे,जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। प्रदर्शन करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित बसंत सिंह,सतीश सिंह,भुषन सिंह,मंगल सिंह,सुजीत सिंह,डब्बलु सिंह,रिंकू सिंह, नटवर सिंह,दीपु सिंह,सुशील सिंह,अरूण प्रकाश सिंह,उपेंद्र सिंह,मेघु आदि बीसों किसान मौजूद रहे।

## पूर्वांचल के विकास से ही सम्भव है सूबे का विकास : ए. के. शर्मा



प्रखर डेस्क। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य, पूर्व आईएएस अधिकारी ए. के. शर्मा इन दिनों काशी क्षेत्र के प्रवास पर हैं। वाराणसी जनपद के सीमावर्ती जिले मिजार्पुर में ए. के. शर्मा ने दो दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग लिया। ए. के. शर्मा के लोकप्रियता का अनोखा नजारा तब देखने को मिला जब उनके स्वागत में कछवां रोड से लगायत कछवां बाजार तक लाखों लोगों के मौजूदगी का जो हुजूम उमड़ा वह बेहद ही ऐतिहासिक था एवं उत्तर प्रदेश की राजनीति में ए.के. शर्मा के बढ़ते प्रभाव को व्यक्त करता हुआ दिखा। सोमवार को ए. के. शर्मा ए. एस. जुबली इण्टर कॉलेज, मिजार्पुर में जनसंवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने पूर्वांचल के विकास के लिए अपने स्तर से प्रत्येक प्रकार से कार्य करने की बात की एवं विकास की सम्भावनाओं पर स्थानीय लोगों से व्यापक परिचर्चा की। उसके बाद ओम साईं विंध्य कॉलेज, मड़िहान, मिजार्पुर में किसान सम्मेलन में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने किसानों की प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई एवं पूर्वांचल के विकास के लिए नोएडा औद्योगिक क्षेत्र के तर्ज पूर्वांचल में भी औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की बात कही।

## दहेज हत्या में आरोपित पति हुआ गिरफ्तार

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने तीन माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत के आरोपित पति को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृत विवाहिता संगीता पटेल के भाई ओमप्रकाश पटेल निवासी जगदीशपुर फूलपुर की तहरीर पर 24 सितंबर 2021 को धारा 498 ए व 306 के तहत आरोपित पति हंसराज पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसपर खोजबीन में लगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार को घोघरी बाजार के तिराहे से आरोपित हंसराज पटेल पुत्र रामधारी सिंह पटेल, निवासी ग्राम घोघरी थाना सिन्धोरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, उ0नि0 बरदानी लाल. हे0का0 कृष्णमेनन सिंह रहे।

## प्रोफेसर डॉक्टर ताड़कनाथ सिंह का निधन

प्रखर जमुई, मिजार्पुर । चुनार थाना क्षेत्र बघेड़ा निवासी प्रोफेसर डॉ ताड़कनाथ सिंह उम्र 77 वर्ष का निधन ह्रदय गति रुकने से एपेक्स हॉस्पिटल वाराणसी में हो गया ,प्रोफेसर डॉ सिंह आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज फैजाबाद के पूर्व मुख्य कृषि वैज्ञानिक थे ,जिन्होंने ख्यातिलब्ध अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक होने के साथ ही साथ दर्जन भर विदेशों में वीजीटिंग प्रोफेसर भी रहे, मिजार्पुर के चुनार विधानसभा से 1989 व 2002 में बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़े जो पूर्व विधायक यदुनाथ सिंह व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह को कड़ी टक्कर देकर निकटतम प्रतिद्वंदी रहे, इनके इकलौते पुत्र डॉक्टर संजय सिंह विदेश में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं, उनके आने तक इंतजार के बाद डॉक्टर सिंह का दाह संस्कार पैतृक गांव बघेड़ा से होगा ,इसकी जानकारी उनके भतीजे चौधरी धीरेंद्र सिंह पटेल संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक अखिल भारतीय कुर्मी वंशज जागरूकता मंच ने दी।

## भाजपा पदाधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रखर केराकत जौनपुर। विधानसभा के थानागद्दी मंडल में भाजपा के पदाधिकारियों ने तिरंगा सदभाव यात्रा निकाल कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को जन - जन तक पहुंचाने का कार्य किया । तिरंगा यात्रा थानागद्दी मंडल भाजपा के मंडल संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ श्री पंकज कुमार मिश्रा के आगवानी में श्री संभल ब्रह्म बाबा के धाम से मुख्य बाजार चौराहे से होते हुए तिसियां ,आसमान पट्टी, भेड़िया, बराई बेहडा, रघुपुर इत्यादि ग्रामसभाओं से होते हुए रतनपुर बाजार तक आयोजित हुई । अपने गंतव्य पर पहुंचने के बाद तिरंगा यात्रा को भाजपा के पदाधिकारियों ने संबोधित भी किया । तिरंगा यात्रा का संयोजन भाजपा के पर्यावरण प्रकोष्ठ के श्री सुनील शर्मा ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री मुरली पाल जी , मंडल अध्यक्ष राम समुझ निषाद , माधवानंद शुक्ल , आदर्श चौबे , संतोष कुमार पाठक समेत अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।



## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नौजवानों को संविधान की दिलायी गयी शपथ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दलितों , पिछड़ों , दबे कुचलों के मसीहा भारतरत्न संविधान के शिल्पकार डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ के निर्देश पर जिला पार्टी कार्यालय मंडुआडीह भारत नर्सरी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नौजवानों को संविधान की शपथ दिलाई गई ।अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू ने कहा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के वजह से दलितों , पिछड़ों और वंचितों को संविधान के तहत न्याय मिल सका है आज के परिवेश में संविधान को समझने और उसकी रक्षा करने की जरूरत है। युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा डॉ॰ बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय विजय स्मारक (जयस्तंभ) में एक समारोह आयोजित किया। यहाँ महार समुदाय से संबंधित सैनिकों के नाम संगमरमर के एक शिलालेख पर खुदवाये गये तथा कोरेगाँव को



संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ता थे। युवजनसभा महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू ने कहा द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध के अन्तर्गत 1 जनवरी 1818 को हुई कोरेगाँव की लड़ाई के दौरान मारे गये भारतीय महार सैनिकों के सम्मान में आम्बेडकर ने 1 जनवरी 1927 को कोरेगाँव दलित स्वाभिमान का प्रतीक बनाया। सन 1927 तक, डॉ॰ आम्बेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध एक व्यापक एवं सक्रिय आंदोलन आरम्भ करने का निर्णय किया। अनुसूचित जाति जनजाति के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कनौजिया ने कहा उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों, सत्याग्रहों और जलूसों के द्वारा, पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी वर्गों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होनें अछूतों को भी हिंदू मन्दिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष किया। रोहनिया विधानसभा अध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा आम्बेडकर ने कहां था की उनका जीवन तीन गुरुओं और तीन उपास्यों से सफल बना है। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरु माना, उसमे उनके पहले गुरु थे तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरु थे महात्मा ज्योतिराव फुले थे। उनके तीन उपास्य (देवता) थे ज्ञान, स्वाभिमान और शील। जिला प्रवक्ता सन्तोष यादव ने कहा अपने लेखन द्वारा उन्होंने दलितों व देश की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखे हुए महत्वपूर्ण ग्रंथो में, अनहिलेशन ऑफ कास्ट, द बुद्ध अँड हिज धम्म, कास्ट इन इंडिया, हू वेअर द शूद्राज?, रिडल्स इन हिंदुइझम आदि शामिल हैं। 32 किताबें और मोनोग्राफ (22 पुर्ण तथा 10 अधुरी किताबें), 10 ज्ञापन, साक्ष्य और वक्तव्य, 10 अनुसंधान दस्तावेज, लेखों और पुस्तकों की समीक्षा एवं 10 प्रस्तावना और भविष्यवाणियां इतनी सारी उनकी अंग्रेजी भाषा की रचनाएँ हैं। शिक्षक सभा महानगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा विद्यालयी पढ़ाई में सक्षम होने के बावजूद छात्र भीमराव को छुआछूत के कारण अनेका प्रकार की कठनाइयों का सामना करना पड़ता था। रामजी आम्बेडकर ने सन 1898 में जिजाबाई से पुनर्विवाह कर लिया। 7 नवम्बर 1900 को रामजी सकपाल ने सातारा की गवर्नमेंण्ट हाइस्कूल में अपने बेटे भीमराव का नाम भिवा रामजी आंबडवेकर दर्ज कराया। भिवा उनके बचपन का नाम था। आम्बेडकर का मूल उपनाम सकपाल की बजाय आंबडवेकर लिखवाया था, जो कि उनके आंबडवे गाँव से संबंधित था। क्योंकी कोकण प्रांत के लोग अपना उपनाम गाँव के नाम से रखते थे अन्य वक्ताओं ने भी संविधान के निमार्ता के परिनिर्वाण दिवस को प्रेरणा के रूप में मनाने का संकल्प लेते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया । पुष्प अर्पित कर शपथ लेते हुए विचार रखने वालों में प्रमुख रूप से - जिलाउपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू , युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह , सत्यप्रकाश सोनकर सोनू , अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कन्नौजिया , संजय यादव , वीरेन्द्र यादव , रोहनिया विधानसभा अध्यक्ष गोपाल यादव , आलोक गुप्ता , सतीश पाल , रवि बिन्द भानु , स्वपनील सोनकर सौरभ , ब्यूटी सोनकर , शिव प्रसाद गौतम , गोरख यादव , सचिन प्रजापति , सन्तोष यादव झब्बू , विवेक यादव , अरविंद यादव , भैयालाल सहित अन्य समाजवादी मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा साहब डॉ भीमराव आबेडकर के 65 वां महा परिनिर्वाण दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर मनाया गया

प्रखर पूर्वान्चल रोहतास। रोहतास (जिला) ,शिवसागर प्रखड, मलवार गांव में बाबा साहब डॉ भीमराव आबेडकर 65 वां महा परिनिर्वाण दिवस पर संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी को पुष्प अर्पित कर के मनाया गया मलवार गाँव मे ऑल इंडिया रेलवे शु-शाईन वर्कर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव लोकप्रिय समाज सेवक ओमप्रकाश राम की अगुवाई में यह कार्यक्रम रखा गया। वही ओमप्रकाश राम ने कहा कि हमारे भारत का संविधान पूरे विश्व में बहुत ही नेक संविधान है आज हमारे संविधान का ही देन है कि इस भारत में जो भी प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री विधायक जनप्रतिनिधि डॉक्टर इंजीनियर एमएलए इत्यादि जो कुछ भी हैं वह हमारे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को लिखे हुए संविधान के बदौलत हैं।हमारे भारत का संविधान एक दिन सिर्फ एक दिन के लिए अगर सही तरीके से लागू कर दिया जाए तो हमारा भारत देश विश्व का नंबर एक देश होगा। यह भी कहा की यदि सभी गार्जियन नशा मुक्त होकर शराब पीना छोड़ कर उस पैसे से अपने बच्चे को अच्छा शिक्षा दें क्योंकि शिक्षा शेरनी दूध है जो पीता है वह दहाड़ता है और जब पढ़ेंगे तभी अपना हक अधिकार को समझेंगे और उसके लिए संविधान को पढ़ना बहुत जरूरी है। हमारे मुख्यमंत्री जी नशा मुक्ती अभियान मे हम सभी को साथ देना चाहिए ,वही चंदन कुमार ने कहा की हमारे यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव लोकप्रिय समाज सेवक ओमप्रकाश राम जी बाबा साहब,गौतम बुद्ध, संत रविदास के विचारो को घर-घर पहुंचाने का काम कर रहे है। वही आकाश वाद, गणेश घोकडे ने कहा की बाबा साहेब का नारा था शिक्षित हो, संगठित हो, संधर्ष करो जो हम सभी लोगों युनियन के साथ मिलकर कर रहे है।

### भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकताओं ने आई0एम0ए मे किया रक्तदान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। 6 दिसम्बर को भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि पर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आई0एम0ए लहुराबीर में रक्तदान किया गया`कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि,भारतीय संविधान के निमार्ता डा भीमराव अंबेडकर जी ने आजादी के बाद देश को एकसूत्र में पिरोकर एक नयी ताकत के रूप में उभरने का मार्ग प्रशस्त किया उनका सम्पूर्ण जीवन देश सेवा को समर्पित रहा। डॉ0 भीमराम अम्बेडकर जी के पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों द्वारा आई0एम0ए0 लहुराबीर में रक्तदान हुआ है।वर्तमान परिवेश में सबसे अधिक संविधान को कुचला जा रहा है लोकतंत्र की हत्या हो रही है ऐसे में लोकतंत्र व संविधान को बचाना व लोकतंत्र संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ना ही बाबा साहब को असली श्रद्धांजलि होगी।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ व्यवस्था दम तोड़ रही है।बीएचयू की स्तिथि अति दयनीय है व लगभग सभी सरकारी चिकित्सालय बदहाली के कगार पर है।ऐसे में हम कांग्रेसजनों द्वारा रक्तदान लगातार करके स्वास्थ समस्याओं में लोगो को राहत मिले जिसे रक्त की जरूरत हो उसे रक्त मिले इस संवेदनशील भावना से हमलोग लगातार रक्तदान का कार्यक्रम करते है ठीक उसी प्रकार आज बाबा साहब अम्बेडकर जी के पुण्यतिथि पर रक्तदान का किया गया है क्योंकि बाबा साहब का सम्पूर्ण जीवन देश को समर्पित था। रक्तदान करने वालो में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री अजय राय के सुपुत्र शान्तनु राय, जिला व महानगर अध्यक्ष राजेश्वर पटेल,राघवेन्द्र चौबे,मनीष मोरोलिया,ओमप्रकाश ओझा, विश्वनाथ कुँवर, खगोलन राय,हसन मेहदी कब्बन, रितु पांडेय,अनुराधा यादव,तरंग सेठ,राजीव कुमार "राजू राम" बृजेश कुमार जैसल, रविंद्र कुमार, गोलू, राकेश कनौजिया, मनीष कुमार गौड़, सुनील कुमार,शशिकांत सागर, रामलाल, अरविंद कुमार, अरविंद कुमार, प्रदीप कुमार बेनवंशी, चक्रवर्ती पटेल, गोवर्धन सिंह, महेंद्र प्रसाद, रामसनेही पांडे, श्री प्रकाश सिंह, सुरेंद्र सिंह, शयाम बाबू सिंह, विवेक सिंह रिंकू, मोदी यादव, सरद यादव जिला पंचायत सदस्य, मंन्ना लाल राजभर, विगनेशवरा नंद उपाध्याय समेत कई प्रमुख लोग रहे।

### संविदा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के केराकत सामुदायिक केंद्र पर संविदा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मयंक ठाकुर के आवाहन पर केराकत संविदा संघ के अध्यक्ष सुधांशु पांडे के नेतृत्व में सामान्य कार्य, सामान्य बेतन को लेकर धरना प्रदर्शन कर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कराते हुए मांग की गई कि सामुदायिक केंद्रों पर जो कार्य सरकारी कर्मचारी करते है वही कार्य हम लोग भी करते तो हमारे और उनके बेतनो में इतना अंतर आखिर क्यों?आखिर क्यो संविदा कर्मियों को अपने गृह जनपद में नही रखा जाता हैं?हम लोगो को भी जल्द से जल्द परमामेन्ट किया जाय अगर हम लोगो की मांग नही मानी गयी तो हम लोग बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

### विद्यालय से गैस सिलेंडर चोरी

प्रखर चंदवक जौनपुर। क्षेत्र के ककरापार गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय से रसोई के दरवाजे का ताला तोड़ कर चोरों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर चुरा लिया।विद्यालय की प्रधानाचार्या खुशबू रानी ने थाने पर लिखित तहरीर देकर पुलिस को सूचित कर दिया।

### रामराज्य परिषद के समागम में हुई हिदुत्व व चुनाव पर चर्चा



प्रखर पिंडरा वा। नकटी (दबेथुवा) स्थित नकटेश्वरी धाम में अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के समागम अवसर पर विभिन्न जिलों से आये सन्तो व धमार्नुयायी का जमघट हुआ। समागम में देश की राजनैतिक स्थिति के साथ आगामी विस चुनाव व हिदुत्व पर चर्चा हुई। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और माँ नकटेश्वरी देवी का आशीर्वाद लिया। आयोजक श्री अत्री दास जी महाराज महंत जी ने आगन्तुको का स्वागत किया। इस दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव गोपाल शुक्ल, भगवान फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत कुमार पांडेय, राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी के अध्यक्ष गंगा राम एवं हरिश्चंद्र त्रिपाठी , विजय कुमार पांडेय , अरुण कुमार एडवोकेट समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन परिषद के राष्ट्रीय महासचिव जगदम्बा मिश्रा एडवोकेट एवं धन्यवाद ज्ञापन ओमप्रकाश पांडेय ने दिया।

# बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

प्रखर डेस्क। दलितों , पिछड़ों, दबे कुचलों के मसीहा भारतरत्न संविधान के शिल्पकार डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ के निर्देश पर जिला पार्टी कार्यालय मंडुआडीह भारत नर्सरी में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नौजवानों को संविधान की शपथ दिलाई गई।

अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू ने कहा डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के वजह से दलितों , पिछड़ों और वंचितों को संविधान के तहत न्याय मिल सका है । आज के परिवेश में संविधान को समझने और उसकी रक्षा करने की जरूरत है। युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह ने कहा डॉ॰ बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ता थे।



युवजनसभा महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश सोनकर सोनू ने कहा द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध के अन्तर्गत 1 जनवरी 1818 को हुई कोरेगाँव की लड़ाई के दौरान मारे गये भारतीय महार सैनिकों के सम्मान में आम्बेडकर ने 1 जनवरी 1927 को कोरेगाँव विजय स्मारक (जयस्तंभ) में एक समारोह आयोजित किया। यहाँ महार समुदाय से संबंधित सैनिकों के नाम संगमरमर के एक शिलालेख पर खुदवाये गये तथा कोरेगाँव को दलित स्वाभिमान का प्रतीक बनाया। सन 1927 तक, डॉ॰ आम्बेडकर ने छुआछूत के विरुद्ध एक व्यापक एवं सक्रिय आंदोलन आरम्भ करने का निर्णय किया। अनुसूचित जाति जनजाति के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कनौजिया ने कहा उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों, सत्याग्रहों और जलूसों के द्वारा, पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी वर्गों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होनें अछूतों को भी हिंदू मन्दिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष किया। रोहनिया विधानसभा अध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा आम्बेडकर ने कहां था की उनका जीवन तीन गुरुओं और तीन उपास्यों से सफल बना है। उन्होंने जिन तीन महान व्यक्तियों को अपना गुरु माना, उसमे उनके पहले गुरु थे तथागत गौतम बुद्ध, दूसरे थे संत कबीर और तीसरे गुरु थे महात्मा ज्योतिराव फुले थे। उनके तीन उपास्य (देवता) थे ज्ञान, स्वाभिमान और शील।

जिला प्रवक्ता सन्तोष यादव ने कहा अपने लेखन द्वारा उन्होंने दलितों व देश की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखे हुए महत्वपूर्ण ग्रंथो में, अनहिलेशन ऑफ कास्ट, द बुद्ध अँड हिज धम्म, कास्ट इन इंडिया, हू वेअर द शूद्राज, रिडल्स इन हिंदुइझम आदि शामिल हैं। 32 किताबें और मोनोग्राफ (22 पुर्ण तथा 10 अधुरी किताबें), 10 ज्ञापन, साक्ष्य और वक्तव्य, 10 अनुसंधान दस्तावेज, लेखों और पुस्तकों की समीक्षा एवं 10 प्रस्तावना और भविष्यवाणियां इतनी सारी उनकी अंग्रेजी भाषा की रचनाएँ हैं।

शिक्षक सभा महानगर अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने कहा विद्यालयी पढ़ाई में सक्षम होने के बावजूद छात्र भीमराव को छुआछूत के कारण अनेका प्रकार की कठनाइयों का सामना करना पड़ता था। रामजी आम्बेडकर ने सन 1898 में जिजाबाई से पुनर्विवाह कर लिया। 7 नवम्बर 1900 को रामजी सकपाल ने सातारा की गवर्न्मेण्ट हाइस्कूल में अपने बेटे भीमराव का नाम भिवा रामजी आंबडवेकर दर्ज कराया। भिवा उनके बचपन का नाम था। आम्बेडकर का मूल उपनाम सकपाल की बजाय आंबडवेकर लिखवाया था, जो कि उनके आंबडवे गाँव से संबंधित था। क्योंकी कोकण प्रांत के लोग अपना उपनाम गाँव के नाम से रखते थे अन्य वक्ताओं ने भी संविधान के निमार्ता के परिनिर्वाण दिवस को प्रेरणा के रूप में मनाने का संकल्प लेते हुए संविधान की रक्षा का संकल्प लिया । पुष्प अर्पित कर शपथ लेते हुए विचार रखने वालों में प्रमुख रूप से - जिलाउपाध्यक्ष राजेश यादव नत्थू , युवजनसभा प्रदेश सचिव वरुण सिंह , सत्यप्रकाश सोनकर सोनू, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कन्नौजिया, संजय यादव, वीरेन्द्र यादव, रोहनिया विधानसभा अध्यक्ष गोपाल यादव, आलोक गुप्ता , सतीश पाल, रवि बिन्द भानु , स्वपनील सोनकर सौरभ, ब्यूटी सोनकर , शिव प्रसाद गौतम, गोरख यादव , सचिन प्रजापति, सन्तोष यादव झब्बू , विवेक यादव , अरविंद यादव , भैयालाल सहित अन्य समाजवादी मौजूद रहे ।

# सपा ने मनाया भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार का महा परिनिर्वाण दिवस

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिला मुख्यालय स्तिथ मूर्ति पर व अर्दली बाजार स्तिथ पार्टी कार्यालय पर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर (डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर) की 65 वीं पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।।सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने नमन करते हुए कहा डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर को भारत के महान व्यक्तित्व और नायक के रूप में जाना जाता है।भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर (डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर) की आज 65 वीं पुण्यतिथि है। उनका महापरिनिर्वाण (निधन) 6 दिसंबर 1956 को हुआ था। वे भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निमार्ताओं में से एक थे। उन्?होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अर्पित किया। इसलिए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के तौर पर मनाया जाता है। देश की आजादी से लेकर कानूनी संरचना को विकसित करने में उनकी भूमिका अहम थी, जिसका स्मरण लोग उनके जन्मदिवस पर करते हैं। बता दें कि देश से जाति प्रथा जैसी कुव्यवस्था को हटाने के लिए बाबासाहेब ने तमाम आंदोलन किये थे। एक दलित परिवार से ताल्लुक रखने वाले डॉ. अंबेडकर ने अपने बचपन में भी कई यातनाएं झेली थीं जिनका गहरा असर उनके व्यक्तित्व पर पड़ा। भीमराव अंबेडकर ने अपना पूरा जीवन सामाजिक बुराइयों जैसे छुआछूत और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। पूरे विश्व में उनके मानवाधिकार आंदोलनों, उनकी विद्वता जानी जाती है।

# शिव पार्वती आधारित विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्थानीय प्रशासन की मंशा व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वाराणसी के निर्देश के क्रम में काशी विश्वनाथ कारिडोर महोत्सव के चौथे दिन प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 2 से लेकर 5 तक के बच्चों द्वारा शिव पार्वती आधारित विषय पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता की आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रीति सोनकर व सदस्य कौशल कुमार व निशा देवी के मार्ग निर्देशन व निगरानी में विद्यालय के कक्षा 5 के कुल 10बच्चे , कक्षा 4 के 8 बच्चे,कक्षा 3 के 5 बच्चे व कक्ष 2 के 3 बच्चे कुल 26 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रतियोगिता के बाद बच्चों द्वारा किए गए कार्य का मूल्यांकन,



निर्णायक मंडल की टीम जिसमें सिद्धनाथ सिंह, सुनील कुमार व नगीना सिंह शामिल हैं द्वारा गहन परीक्षण के बाद बच्चों को पुरस्कार हेतु चयन किया गया।इस तरह आज पंचम दिवस में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर कक्षा 5 की कोमल पटेल ,कक्षा 4 की साक्षी सेठ व कक्षा 5 के प्रांजल पाण्डेय को गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान पर कक्षा 4 की सृष्टि पटेल व प्रिया सिंह को सिल्वर मेडल व तृतीय स्थान पर कक्षा 4 के श्रद्धा पटेल को ब्रांज मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया । इस तरह आज की प्रतियोगिता के समापन पर एक बार पुनः सभी बच्चों को सोमवार दिनांक 7/12/2021 के श्लोक वाचन व कविता प्रतियोगिता के विषय ( शिव स्तुति पर आधारित )पर तैयारी कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने बिरहा के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

प्रखर रामनगर वाराणसी। उत्तर प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने रामनगर वाराणसी में रामनगर के किला रोड, सुल्तानपुर गांव एवं भीटी गांव में बिरहा के माध्यम से लोगों को भ्रूण हत्या संचालन सृजन श्रीवास्तव ने किया, कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन जय सिंह चौहान ने किया। सुल्तानपुर में देवेंद्र सिंह मनोज मौर्य विवेक मिश्र इस कार्यक्रम के निमित्त जिम्मेदारी संभाली, ग्राम सभा भीटी में युवा




निषेध एवम स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक किया गया। प्रसिद्ध बिरहा लोक गायक श्रीमान हरिश्चंद्र जी एवं उनकी टीम ने बिहारी मनमोहक बिरहा गीत गाया। इस कार्यक्रम के संयोजक पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी श्री संतोष द्विवेदी जी ने माल्यार्पण कर सभी बिरहा गायकों का सम्मान बढ़ाया। भाजपा नेता गोविन्द मौर्य, कुलदीप सेठ ने कार्यक्रम करवाया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वश्री संतोष द्विवेदी, विनोद गुप्ता, अशोक जायसवाल, सृजन श्रीवास्तव, अरविंद खरवार, जितेन्द्र पांडेय,कुलदीप सेठ ,जय सिंह चौहान, गोविन्द मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# केराकत पुलिस द्वारा एक वारण्टी को भेजा गया न्यायालय

प्रखर केराकत जौनपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं वांछित वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गए विशेष अभियन के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय व क्षेत्राधिकारी केराकत महोदय के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारंट प्रोसेस में फरार चल रहे अभियुक्त राजेंद्र उर्फ कुंदन पुत्र वंश उर्फ रामबरन निवासी रामपुर खरगसीपुर केराकत जनपद जौनपुर संबंधित मु.न. 90/2011 धारा 363/366/376 भा.द.वि. संबंधित माननीय न्यायालय ASJ स्पे पास्को तृतीय जौनपुर को गिरफ्तार कर चालान संबंधित माननीय न्यायालय क्या है।

# ग्रामीण महिलाओं ने पुरुषवादी समाज को नाटक के माध्यम से दी चुनौती

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रगति पथ ने इब्तिदा नेटवर्क के सहयोग से विकासखण्ड बड़ागाँव के नारायणपुर कनियर में महिला हिंसा और महिला अधिकार 16 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया `सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने महिला हिंसा और महिला अधिकार से संबन्धित विभिन्न प्रकार के गीत, समूह गान, नाटक, नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत किया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कनियर ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान श्रीमति उषा रानी रहीं` नाटक मुझे नहीं मेरे अधिकारों को सुरक्षित करों के माध्यम से महिलाओं ने पुरुषवादी समाज को चुनौति दे रही है, ग्रामीण महिलाओ को सुरक्षा का हवाला देते हुए उनके पुरुषवादी सोच उनके विकास मे बाधक बन रहे है एक तरफ महिलाए पुरुषवादी समाज को आईना दिखा रही है तो दूसरी ओर महिलाओ ने बेटियो की उन्नति की बात की महिलाओ ने नाटक के माध्यम से कहा की हमारे पैरों मे सुरक्षा की बेड़ी नही बल्कि हाथों मे हिम्मत का हथियार देकर देखो नाटक के एक दृश्य में एक महिला कम्प्युटर सीख कर कुछ करना चाहती है लेकिन उसके ससुर और पति को बहू का घर से निकलना पसंद नहीं है महिला की सास यह कहते हुये उसका साथ देती है कि मैंने तो अपना जीवन घुट-घुट कर काट लिया है, लेकिन मैं ऐसा जीवन अपनी बहू को नहीं काटने दूँगी अंत में घर के सभी पुरुष मान जाते हैं और महिला अपने भविष्य को सँवारने के लिए घर की चौखट लाँघती है`

अब ना रह पाऊँगी चार दीवारी के अंदर सजना, मैं हल्ला बोल दूँगी.....

अनपढ़ के साक्षर बनाई जा, चला सखी मिल के.....

कुछ बोल मुंह खोल, ये वक्त नहीं है सहने का, चुप रहने का........

न पढ़बू बबूनि, एक दिन रोइबू पछताय के.........

सांस्कृतिक कार्यक्रम ने महिलाओं ने उपरोक्त नारीवादी गीतों के माध्यम से महिला हिंसा, महिलाओं के शिक्षा, समानता और अधिकार का संदेश दिया` कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और स्वागत गीत से किया गया कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक हल्बोल की तेरे लब आजाद हैं में महिलाओं के साथ हो रहे लैंगिग भेदभाव, भ्रूड़ हत्या, दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, छेड़ - छाड़ और महिलाओं-बच्चियों के साथ हो रहे यौन हिंसा जैसे हिंसा और भेदभाव को संवेदनशील तरीके से दिखाया गया और हमारे सामने सवाल खड़ा किया गया कि समाज किस ओर जा रहा है साथ ही साथ अपील भी की गयी कि समाज को इन महिला हिंसा के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्रीमती उषा रानी ने महिलाओं को संबोधित करते हुये कहा कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को उनका अधिकार आसानी से नहीं मिलता है, अपने अधिकारों के लिए महिलाओं को खुद आगे बढ़ना होगा।

# भारतीय जनता मजदूर संघ का श्रमिक सम्मेलन सम्पन्न

प्रखर डेस्क। भारतीय जनता मजदूर संघ, आजमगढ़ जिला कमेटी द्वारा छांगुर इंटर कॉलेज ,तरवां,आजमगढ़ में आयोजित किया गया! जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्री मरगूब सिद्दीकी, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री रविन्द्र प्रताप मिश्रा उर्फ रवि मिश्रा, पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी श्री रेनू मंसूरी व प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री सुनिल सिंह जी बतौर अतिथि मौजूद रहे।




कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य डा भीम राव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया, तदोपरांत अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया आयोजित श्रमिक सभा को श्री मरगूब सिद्दीकी जी, श्री रवि मिश्रा जी, श्री रेनू मंसूरी जी, श्री सुनिल सिंह जी ने संबोधित किया अपने वक्तव्य में जहाँ रेनू मंसूरी व सुनिल सिंह ने प्रदेश में चल रहे गतिविधियों की जानकारी दी वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता रवि मिश्रा जी ने अपने ओजस्वी भाषण से संगठन के महत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शांत प्रकाश जाटव जी के उद्देश्य से सभा को अवगत कराते हुए कहा कि देश का विकास देश के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के विकास से ही संभव है "मजदूर देश का कोहिनूर है " ऐसी अभिव्यक्ति श्री रवि मिश्रा ने व्यक्त किया! अपने अध्यक्षीय भाषण में तेज तर्रार प्रदेश अध्यक्ष श्री मरगूब सिद्दीकी जी ने श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे तमाम योजनाओं से अवगत कराते हुए श्रमिकों से आनलाइन श्रम कार्ड बनवाने हेतु मार्गदर्शन किया व जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों के घर घर जाकर श्रमिक रजिस्ट्रेशन करवाने की व्यवस्था की जाय अपने व्यक्तव्य में उन्होंने कहा कि श्रमिकों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती और अत्याचार बर्दास्त नही किया जाएगा और वंचितों को उनके अधिकार को उनतक पहुचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा! योगी जी और मोदीजी द्वारा किए जा रहे श्रमिकों के उत्थान के लिए प्रयासों की भूरी भूरी प्रसंशा की! कार्यक्रम में श्री सुनिल सिंह को पूर्वांचल का प्रभारी नियुक्त किया गया! कार्यक्रम को सफल बनाने में जिलाध्यक्ष श्री बी. राम जी की पूरी टीम सर्वश्री रूद्दल बनबासी जी, सुरेन्द्र सिंह जी, अरूण सिंह जी, राजदेव चौहान जी, नरई राम जी, अरूनकुमार जी महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सरिता कुमारी जी, विंदु देवी जी, रेनू प्रजापति जी ईत्यादि का सराहनीय सहयोग रहा! अंत में आए हुए अतिथियों व श्रमिकों का आभार जिलाध्यक्ष श्री बी.राम ने व्यक्त किया!

# राज्य मंत्री नीलकंठ तिवारी ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ नीलकंठ तिवारी ने सोमवार को दक्षिणी विधानसभा के मध्यमेश्वर मंडल में स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्रीय जनता को जागरूक किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का जब भी काशी आगमन होता है उसके पूर्व भारतीय जनता पार्टी के हजारों कार्यकर्ता अलग-अलग जगहों पर, अलग-अलग क्षेत्रों में स्वच्छता का कार्यक्रम करते हैं। उसी क्रम में यह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम हर वार्ड, हर सेक्टर व हर बूथ पर नियमित चलेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान महानगर मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ, मंडल अध्यक्ष संदीप चौरसिया, अभय यादव, तारकेश्वर गुप्ता, सचिन सिंह, रत्नेश गुप्ता, शिवाजी यादव, कमलेश शुक्ला, लवकुश वर्मा, शिवशंकर विश्वकर्मा, गोपाल सेठ, विशाल जायसवाल, मुनीर गुप्ता, शुभम पटेल, विशाल गुप्ता, रवि पटेल, सिद्धनाथ गोंड़, अवनीश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### एल्डर्स कमेटी बनी, वकीलों में बढ़ी सरगर्मी



प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई । तैयारियों के क्रम में सोमवार को एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया। एल्डर्स कमेटी के गठन के साथ ही चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है। वही तहसील के लाईब्रेरी भवन में वकीलों की बैठक हुई। जिमसें सर्वसम्मति से हुए प्रस्ताव में बच्चालाल यादव को मुख्य चुनाव अधिकारी व मंताराम पटेल, जटाशंकर मिश्रा, लालबहादुर पटेल, मनोज कुमार श्रीवास्तव को सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोनीत किया गया। एल्डर्स कमेटी को सोमवार को ही बार के द्वारा प्रमाणित 316 सदस्यों की सूची भी सौंपी गई। एल्डर्स कमेटी के मुख्य अधिकारी बच्चालाल ने बताया कि जल्द ही वर्ष 2022 के तहसील बार के चुनाव के तिथियों की घोषणा की जाएगी।

### कहार समाज के लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित



प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश के चुनार शहर के रहने वाले मदन वर्मा (कहार) जो लगभग 15 वर्ष की उम्र से ही अपने समाज के वंचित शोषित लोगो के अधिकारों के लिए काम करते आ रहे हैं। मदन वर्मा (कहार) कहार जाति के हैं। और चुनार शहर से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व बूत अध्यक्ष पद के बाद वर्तमान समय में सहसंयोजक पद पर नियुक्त हैं। मदन कहार ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि वह एक ऐसे जाति और समाज से हैं जहां पर गरीबी बहुत ज्यादा है। जिसके चलते लोगो मे शिक्षा का अभाव है। शिक्षा का अभाव होने के कारण हमारी जाति बिरादरी के लोग अपना और अपने परिवार का विकास नहीं कर पा रहे हैं। अपने अधिकारों की जानकारी ना होने कारण अपने हक अधिकारों की लड़ाई भी नहीं लड़ पा रहे हैं। और शासना आदेशा अनुसार मिली सुविधाओं और अधिकारों से आज भी वंचित है। हमारी जाति के लोगों को जो अधिकार व सम्मान समाज मे मिलना चाहिए, वह पूर्ण रुप से नहीं मिल पा रहा है। मदन एक युवा वर्ग के नेता हैं और कम उम्र से ही सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। मदन ने यह भी कहा कि अपने समाज के विकास व उत्थान के लिए हम लोगों ने रणनीति तैयार कर ली है। मुख्य रूप से सबसे पहले शिक्षा और रोजगार से समाज के लोगों को जोड़ना है। जिसके उपरांत हम कहार समाज के एक सामाजिक संगठन के माध्यम से राज्यपाल से मिलकर आरक्षण संबंधित और अपनी समस्याओं से अवगत कराकर ज्ञापन सौंपने का कार्य करेंगे।

### वृहद रूप से 17 दिसम्बर को मनेगा नवल स्मृति समारोह

प्रखर कुशीनगर। लेखक, कवि एवं समाजसेवी रहे स्वर्गीय बाबू नवल किशोर सिंह जी की 17 दिसम्बर को आयोजित तीसरी पुण्यतिथि "नवल स्मृति समारोह" के अवसर पर विविध कार्यक्रम होंगे। समारोह की सफलता के लिए सोमवार को कार्यक्रम स्थल साखोपार में नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के सदस्यों की बैठक को सम्बोधित करते हुए नवल किशोर सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं स्वर्गीय श्री सिंह के सुपुत्र अजय प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि तीसवीं पुण्यतिथि पर साखोपार में नवल स्मृति समारोह का वृहद आयोजन किया जा रहा है जिसमें श्री रामचरितमानस पाठ, काव्य गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धांजलि सभा एवं राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। इस अवसर पर पत्रकारिता, राजनीति, खेल, कृषि, साहित्य, कारपोरेट से जुड़ी विभूतियों को भी सम्मानित किया जाएगा। बीओसीडब्लयू बोर्ड के सदस्य एवं स्वर्गीय श्री सिंह के पौत्र अभय प्रताप नारायण सिंह ने कहा कि सन 1992 से अनवरत होते चले आ रहे स्मृति समारोह में इस बार ओलंपिक खेलों में भाग लिए कुछ दिग्गज पहलवान भी शिरकत करेंगे।कार्यक्रम की रूपरेखा बनाए जाने के लिए आयोजित इस बैठक में पीयूष प्रताप नारायण सिंह, पवन उपाध्याय, शैलेष प्रताप नारायण सिंह ग्राम प्रधान, कुशल प्रताप सिंह एडवोकेट, पत्रकार हृदयानंद शर्मा, हरेंद्र नाथ पांडे, त्रिपुरेश सिंह, शशांक सिंह, सत्यम सिंह, कौशल किशोर सिंह, मनोज कुमार सिंह, असीम कुमार सिंह एडवोकेट, गयासुद्दीन अंसारी, रमाशंकर तिवारी, नरेंद्र पाठक, जीउत यादव, दुर्गा वर्मा, जयराम प्रसाद, सून्दरम सिंह, शिवम प्रताप सिंह, भुवनेश प्रताप सिंह, मुन्ना चौधरी, राम प्रताप ओझा, मणि कंचन चौबे, राहुल गोड आदि लोगों की उपस्थिति रही।

### खिलाड़ियों ने बढ़ाया प्रदेश का सम्मान



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सुरक्षा कराटे अकादमी वाराणसी के खिलाडियों ने लहराया परचम कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किशन सेठ के नेतृत्व में वेस्ट बंगाल में हुए नेशनल कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दस मेडल प्राप्त किए` जिसमें पांच स्वर्ण पदक दो रजत पदक तीन कास्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाडी करने वाले खिलाड़ी तेजस श्रीवास्तव दो स्वर्ण पदक देवेंद्र सिंह एक स्वर्ण पदक एक रजत पदक आयुष सिंह एक स्वर्ण पदक एक कास्य पदक सांनवी श्रीवस्तव एक रजत पदक एक कास्य पदक मोनिका स्वर्ण पदक एक रजत पदक प्राप्त किया` यह जानकारी टीम के कोच किशन सेठ ने दिया।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं